# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 31 अगस्त 2024


# तीज के पहले फिर 18 ट्रेनें रद्द, पांच का बदला मार्ग, तीन रास्ते में होगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सितंबर में रेलवे पहले ही दर्जन से अधिक ट्रेन रद्द कर चुका है। अब जोन में बिलासपुर मंडल के अंतर्गत खरसिया-रायगढ़ सेक्शन में भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन के कनेक्टिविटी का कार्य को लेकर 18 ट्रेन रद्द किया गया है। इसके अलावा 5 के मार्ग में परिवर्तन करने के साथ 3 ट्रेनों को रास्ते में समाप्त किया जाएगा। यह कार्य 10 से 22 सितंबर तक किया जाएगा। ट्रेनों के रद्द होने से हावड़ा जाने वाली ट्रेन प्रभावित होगी। 6 मेमू स्पेशल के भी रद्द होने से रायगढ़, टाटानगर व इतवारी जाने वाले यात्रियों को दिक्कत होगी।

बता दें कि रेलवे बीते तीन महीने में 350 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर चुका है। रद्द ट्रेनों के लौटते ही दूसरे रूट की ट्रेन रद्द हो जाती है। जानकारी के मुताबिक दीपावली तक यह सिलसिला चलता रहेगा। पटरियों के काम से अन्य ट्रेनों की रफ्तार पर भी असर पड़ रहा है। लंबी दूरी की ट्रेन 5 से 8 घंटे तक विलंब से चल रही हैं।

## खरसिया-रायगढ़ सेक्शन में तीसरी व चौथी लाइन में विद्युतीकृत का किया जाएगा कार्य

### 9 दिनों तक गोंडवाना बिलासपुर में होगी समाप्त

11 से 28 सितम्बर, तक गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुडा मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी एवं बिलासपुर से ही 08862 झारसुगुडा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बनकर गोंदिया के लिए रवाना होगी यह गाड़ी बिलासपुर एवं झारसुगुडा के बीच रद्द रहेगी। 10, 11, 12, 14, 16, 17, 18, 19 एवं 21 ▶▶| शेष पेज 4 पर

### परिवर्तित ट्रेनें

- 10 से 22 सितम्बर तक हावड़ा से चलने वाली 12810 हावड़ा–मुंबई मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुडा- टिटलागढ़-रायपुर होकर चलेगी।
- 10 से 22 सितम्बर तक मुंबई से चलने वाली 12809 मुंबई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग

▶▶| शेष पेज 4 पर



### रद्द होने वाली ट्रेन

- 11 से 28 सितम्बर, तक गाड़ी संख्या 08737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
- 11 से 28 सितम्बर, तक गाड़ी संख्या 08738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
- 11 से 28 सितम्बर, तक गाड़ी संख्या 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
- 10 से 27 सितम्बर, तक गाड़ी संख्या 08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

▶▶| शेष पेज 4 पर

पैरालंपिक : पदक का चौका...

## अवनि ने जीता स्वर्ण मनीष की चांदी



*पेरिस। पेरिस पैरालंपिक के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत ने पदकों का चौका लगाया। भारत के पदकों की संख्या चार हो गई है। दिन का पहला पदक प्रीति पाल ने महिला 100 मीटर रेस (टी35) में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं महिला 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) शूटिंग में अवनि लेखरा ने स्वर्ण और मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। दिन का चौथा पदक निशानेबाज मनीष नरवाल ने मेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) में रजत पदक हासिल किया। अवनि ने* ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सीएम साय ने दी बधाई



*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पैरा एथलीट प्रीति पाल ने 100 मीटर रेस के फाइनल में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। ट्रैक स्पर्धा में मेडल जीतने वाली* ▶▶| शेष पेज 4 पर






## प्रतिमा टूटने पर शिंदे-फडणवीस और पवार के बाद अब प्रधानमंत्री

# मोदी ने कहा- मैं शिवाजी महाराज के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के तटीय सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भारत के इस वीर सपूत के साथ ही, इस घटना से आहत लोगों से भी शुक्रवार को माफी मांगी। पीएम मोदी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज... मेरे लिए सिर्फ नाम नहीं हैं, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, आज मैं सिर झुकाकर मेरे आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज जी के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं। पीएम मोदी से पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी माफी मांग चुके हैं।*

### प्रधानमंत्री ने पालघर में वधावन बंदरगाह परियोजना की रखी आधारशिला

एजेंसी ▶▶| पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपए की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे संस्कार अलग हैं। हम वह लोग नहीं हैं जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं। देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग वीर सावरकर को गालियां देने के बाद भी माफी मांगने को तैयार नहीं हैं और ना ही उनको कोई पश्चाताप होता है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, महाराष्ट्र की जनता उनके ▶▶| शेष पेज 4 पर



#### मछली उत्पादक दूसरा बड़ा देश

मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश बन गया है। 2014 में, देश का मछली उत्पादन केवल 80 लाख टन था, लेकिन अब भारत लगभग 170 लाख टन मछली का उत्पादन करता है।

#### यह सौगात भी दी

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग 360 करोड़ रुपये की लागत से पोत संचार और सहायता प्रणाली के नेशनल रोल आउट की शुरुआत भी की। इस परियोजना के तहत, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में सियासत गरमाई

#### इधर, एक्शन में सरकार, कंसल्टेंट गिरफ्तार

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में सिंधुदुर्ग पुलिस ने स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट और ठेकेदार चेतन पाटिल को गिरफ्तार किया है। चेतन को सिंधुदुर्ग लाया जाएगा। चेतन पाटिल को गुरुवार रात कोल्हापुर में उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया गया। चेतन ने पहले दावा किया था कि वह प्रोजेक्ट के स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट नहीं थे। इधर, महाराष्ट्र कला निदेशालय के डायरेक्टर राजीव मिश्रा का कहना है कि हमने सिर्फ 6 फीट के लिए परमिशन दी थी। नौसेना ने बिना बताए इसकी ऊंचाई 35 फीट कर दी।

#### विपक्ष ने किया प्रदर्शन, कहा- सीएम-डिप्टी को पद से हटाएं

इधर, मुंबई में मूर्ति गिरने को लेकर विपक्ष के नेताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को नजरबंद भी किया है। उधर, कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा- महाराष्ट्र की जनता और विपक्ष के घोर विरोध ने आज नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी महाराज से माफी मांगने पर मजबूर कर दिया। लेकिन ये माफी नहीं ढोंग है। अगर मोदी वाकई में अपने इस अक्षम्य पाप के लिए माफी मांग रहे हैं, तो वे महाराष्ट्र के सीएम और डिप्टी सीएम को अपने पद से हटाएं। साथ ही इस प्रोजेक्ट में जिन लोगों की संलिप्तता थी, उनपर कड़ी कार्रवाई करें। राजे का ये अपमान महाराष्ट्र न भूलेगा, न माफ करेगा।

## पहली सूची जारी, नीट में राज्य के टॉप टेन में से सात को रायपुर मेडिकल कॉलेज में सीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमबीबीएस और बीडीएस में प्रवेश के लिए पहली आवंटन सूची जारी कर दी है। नीट में राज्य में टॉप करने वाले 7 युवाओं को जेएन मेडिकल कालेज आवंटित किया गया है। वहीं तीन के ऑल इंडिया कोटे से प्रवेश की संभावना है। दस्तावेजों की स्क्रूटनी और एडमिशन आज से शुरू होगा जो पांच सितंबर तक चलेगा। पहली सूची में 1967 लोगों को शामिल किया गया है और दोनों पाठ्यक्रमों में राज्य कोटे की 1810 सीटें हैं।

राज्य में इस बार दस शासकीय और पांच निजी मेडिकल कालेज तथा पांच निजी और एक शासकीय डेंटल कालेज में एमबीबीएस और बीडीएस की पढ़ाई होनी है। इन कालेजों में राज्य कोटे और मैनेजमेंट कोटे की 1810 सीटें हैं, जिसमें प्रवेश की जिम्मेदारी स्टेट काउंसिलिंग कमेटी की है। शेड्यूल के अनुसार शुक्रवार को राज्य की पहली आवंटन ▶▶| शेष पेज 4 पर

### दो मेडिकल कालेजों में व्यवस्था

निजी कालेजों के छात्रों के एडमिशन के लिए शासकीय मेडिकल में व्यवस्था की गई है। जेएन मेडिकल कालेज में रिम्स, बालाजी तथा रावतपुरा सरकार मेडिकल कालेज छात्र प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे। वहीं शंकराचार्य तथा अभिषेक मिश्रा स्मृति कालेज के छात्रों के प्रवेश और स्क्रूटनी की प्रक्रिया सीएमएसी दुर्ग में पूरी की जाएगी। सभी निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के छात्रों को एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए शासकीय डेंटल कालेज आना होगा।

### सावधान रहने की अपील भी

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन के दौरान छात्रों और उनके परिजनों से धोखेबाजी से बचने की अपील भी की गई है। उनके द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि आवंटन की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा आयुक्त द्वारा समिति के माध्यम से ही की जाती है। किसी शख्स द्वारा एडमिशन कराने का कोई प्रलोभन दिया जाता है, तो ऐसे लोगों को झांसे में नहीं आने कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.7 फीसदी




**नई दिल्ली।** भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून, 2024 में घटकर 6.7 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

### सोमनाथन ने कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** सीनियर आईएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को कैबिनेट सचिव का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे वित्त सचिव के रूप में कार्यरत थे। 1987 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी 2 साल तक इस पद पर रहेंगे। उन्होंने राजीव गौबा की जगह ली है।

### पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास मिली बारूदी सुरंग



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के जवानों ने शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग बरामद की। सेना के एक दल को नियंत्रण रेखा पर गश्त के दौरान पत्थरी गली इलाके में बारूदी सुरंग मिली। गश्ती दल ने क्षेत्र को सुरक्षित किया।

स्वास्थ्य विभाग के होश उड़े

## स्वाइन फ्लू से एक और मौत, 46 एक्टिव केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

स्वाइन फ्लू और डेंगू स्वास्थ्य विभाग के होश उड़ा रहा है। पिछले दो दिनों के भीतर दोनों बीमारियों के लगातार मरीज मिल रहे हैं। वहीं विभाग की लाख कोशिशों के बाद भी मौत थमता नजर नहीं आ रहा है। जिले में अबतक 107 मरीज सामने आ चुके हैं, वहीं शुक्रवार को अपोलो में भर्ती मरीज की मौत हो गई है।

शुक्रवार को स्वाइन फ्लू की चपेट में आने के कारण 11 मरीजों की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### डेंगू के दो मरीज मिले

डेंगू के मामले शतक की ओर बढ़ रहे हैं। अब तक 98 केस सामने आ चुके हैं। गुरुवार को डेंगू की वजह से महिला की मौत हो चुकी है। वहीं शुक्रवार को 2 अन्य मरीज सामने आए है। शहर के जूना बिलासपुर और कोटा के टेंगलवाड़ा में दो डेंगू के मरीज मिले हैं। इसमें से एक मरीज ▶▶| शेष पेज 4 पर

## जेल में बंद देवेंद्र बिहार कांग्रेस के सचिव बनाए गए, छत्तीसगढ़ के सचिव बने संपत और सजारिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एआईसीसी ने जारी की सचिवों की सूची

जेल में बंद भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव को एआईसीसी ने बिहार कांग्रेस का सचिव बनाया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस के दो सचिव चंदन यादव और सप्तगिरी उल्का की जगह दो नए सचिव एसए संपत कुमार तथा सजारिता लैफ्लांग बनाए गए हैं। इसी बदलाव में एआईसीसी के सचिव रहे तथा असम के प्रभारी सचिव पूर्व विधायक ▶▶| शेष पेज 4 पर



राजेश तिवारी



देवेंद्र यादव



एसए संपत

### राजेश तिवारी पर भरोसा कायम

छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता राजेश तिवारी एआईसीसी में सचिव के रूप में शामिल थे, उन्हें यूपी का प्रभारी सचिव बनाया गया था। वे कुछ वर्षों से यूपी में प्रभारी सचिव का दायित्व निभा रहे थे। एआईसीसी की नई सूची में उनका स्थान बरकरार है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की राजनीति में श्री तिवारी के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का करीबी माना जाता है। वे पिछली कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में काम कर चुके हैं।

### विकास और चोपड़ा हटाए गए

रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एआईसीसी में सचिव थे, उन्हें असम का प्रभारी सचिव बनाया गया था। श्री उपाध्याय पिछले कुछ वर्षों से असम के प्रभारी सचिव के रूप में काम कर रहे थे। लेकिन उन्हें अब ▶▶| शेष पेज 4 पर

72 घंटे चला मुठभेड़, मारे गए माओवादी ओडिशा, मानपुर व बीजापुर के निवासी

## माड़ मुठभेड़ में मारी गई तीन महिला माओवादियों पर था 18 लाख ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

माड़ बचाओ अभियान के तहत नारायणपुर व कांकेर जिले के सरहदी इलाके हचेकोटी, छिंदपुर, बिनागुण्डा, पांगुड़ के जंगल में लगातार 72 घंटों तक चले मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने जिल तीन वर्दीधारी सशस्त्र मावोवादियों को मार गिराया, उनकी शिनाख्त हो चुकी है। मारी गई पीएलजीए ▶▶| शेष पेज 4 पर

- मुठभेड़ में मारी गईं महिला माओवादी एसीएम व पीएलजीए कम्पनी नम्बर 5 की थी मेंबर





### 143 नक्सलियों का शव बरामद

आईजी सुन्दरराज पी ने बताया कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से स्थानीय जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम करने के परिणाम स्वरूप वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत की जा रही नक्सल विरोधी अभियान के ▶▶| शेष पेज 4 पर






चौहान-मरांडी रहे मौजूद

## भाजपा में चंपई, चुनाव में होगी जनाधार की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री तथा झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। चंपई अगले कुछ दिनों में दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात करने आ सकते हैं। पार्टी को अब तय करना है कि ▶▶| शेष पेज 4 पर



### इधर, रामदास बने मंत्री

झामुमो के विधायक रामदास सोरेन ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने राज्य मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की जगह ली है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो नीत गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ▶▶| शेष पेज 4 पर




हरियाणा विधानसभा चुनाव

*भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए करीब 55 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिये है। बृहस्पतिवार शाम को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में हुई चुनाव समिति की बैठक में ज्यादातर उन सीटों पर चर्चा हुई जहां एक ही संभावित मजबूत दावेदार था। सूत्रों का कहना है कि अगले एक-दो दिन में पार्टी अपनी पहली लिस्ट जारी कर सकती है। बाकी बची सीट ऐसी हैं जिन पर दो संभावित उम्मीदवार हैं। इन सीटों पर चुनाव समिति की अगली बैठक में विचार विमर्श होगा।*

# भाजपा ने 55 सीटों पर उम्मीदवार किए फाइनल, एक-दो दिन में जारी हो सकती है लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव हेतु उम्मीदवार तय करने के लिए बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में लगातार तीन बैठकें की। सबसे पहले सुबह हरियाणा के चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान के घर पर हरियाणा भाजपा कोर ग्रुप के नेताओं ने संभावित उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की। इस बैठक में हाल ही में गुरूग्राम में हुई भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में तैयार की गई लिस्ट पर मंथन हुआ। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर मीटिंग हुई जिसमें केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मनोहर लाल, धर्मेन्द्र प्रधान, सीएम नायब सैनी और हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने एक अंतरिम सूची तैयार की।

इस सूची में करीब 55 ऐसी सीटें शामिल थी जिन पर सिर्फ एक ही नाम शामिल था जबकि बाकी सीटों पर दो नाम संभावित उम्मीदवार के तौर पर दर्ज थे। इस बैठक में कई ऐसे विधायकों को लेकर भी चर्चा हुई जो चुनाव जीतने के मामले में कई पहलुओं से कमजोर दिख रहे हैं।

## पार्टी मुख्यालय में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर लगी अंतिम मुहर

■ पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, मनोहर लाल, नायब सैनी, मोहन लाल बड़ौली, कृष्णपाल, सुधा यादव, कैप्टन अभिमन्यु और अनिल विज सहित कई नेता बैठक में हुए शामिल

### ये रहे बैठक में मौजूद

गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में नड्डा के आवास पर तैयार लिस्ट को रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह सहित केन्द्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्यों के अलावा केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, बिप्लब देव, सतीश पूनिया, सुधा यादव, कृष्ण पाल गुर्जर, कैप्टन अभिमुन्य और अनिल विज प्रमुख तौर पर बैठक में मौजूद थे।



### 55 सीटों पर उम्मीदवार तय

सूत्रों का कहना है कि फिलहाल करीब 55 सीटों पर उम्मीदवार तय किये गये हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा हाईकमान सोनीपत और पानीपत के आसपास की दो तीन जाट बहुल विधानसभा सीटें जयंत चौधरी के राष्ट्रीय लोकदल को गठबंधन के तहत दे सकता है। इसके अलावा गोपाल कांडा और विनोद शर्मा की पार्टियों को भी एक एक सीट गठबंधन के तहत मिल सकती है।

### 15 विधायकों के कट सकते हैं टिकट

भाजपा सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस बात पर विशेष जोर रहा कि सभी सीटों पर ऐसे उम्मीदवार उतारे जाएं जो जीत हासिल करने का माद्दा रखते हों। बैठक में उन विधायकों को लेकर भी चर्चा हुई जो उम्मीदवार बनाये जाने पर हार सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि करीब 15 विधायकों के टिकट कट सकते हैं। इनमें नायब सैनी सरकार के तीन-चार मंत्री भी शामिल हैं। बैठक में उम्मीदवारों के नाम तय करते समय सभी पहलुओं पर गहराई से मंथन किया गया। इनमें जातीय समीकरणों से लेकर उम्मीदवार की व्यक्तिगत छवि भी शामिल है।

## खबर संक्षेप

### महाठग सुकेश चंद्रशेखर को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दे दी है। यह जमानत सुकेश को दो पत्ती चुनाव चिन्ह से जुड़े रिश्वत मामले में मिली है। यह मामला साल 2017 का है। हालांकि वह अभी भी कई केसों में आरोपी हैं जिसके चलते वह न्यायिक हिरासत पर ही रहेगा और उसे जेल से बाहर आने की इजाजत नहीं मिली है।

### सजा निलंबन : आसाराम बापू की याचिका खारिज



**गांधी नगर।** गुजरात हाईकोर्ट ने तथाकथित धर्मगुरु आसाराम बापू की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 2013 के बलात्कार मामले में अपनी आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की मांग की थी। इस मामले में अदालत ने 29 अगस्त के अपने फैसले में कहा, 'हमें आवेदक और आरोपी द्वारा मांगी गई छूट को बढ़ाने के लिए कोई बेहद खास आधार नहीं मिला है।

### रिलीज होते ही छा गया मूसेवाला का नया गाना 'अटैच'



**चंडीगढ़।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के कितने चाहने वाले हैं, इस बात का अंदाजा उनके नए गाने से लगाया जा सकता है। मूसेवाला का नया गाना 'अटैच' शुक्रवार को रिलीज होते ही छा गया है। गाना रिलीज होने के पांच घंटे के भीतर ही इसे 25 लाख लोगों ने देखा है। सिद्धू मूसेवाला के फैंस इस गाने पर खूब प्यार लूटा रहे हैं।

## कुदरत की विनाशलीला

**18** जिलों में बाढ़ का तांडव

**22** जिलों में यलो अलर्ट

# गुजरात का तूफान टला, पर खतरा बरकरार, अब तक 32 की मौत

*गुजरात के ऊपर मंडरा रहे चक्रवात का खतरा फिलहाल टल गया है, तूफान ने रुख बदल लिया है लेकिन कुदरत का कोहराम जारी है। भारी बारिश के चलते पिछले 4 दिन से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। गुजरात के 18 ज़िलों में इस वक्त हालात खराब हैं या कहें कि लोग सैलाब का सामना कर रहे हैं। बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या 32 तक पहुंच गई है। सूबे के 33 ज़िलों में से 11 में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 22 ज़िलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी है।*

एजेंसी ▶▶| गांधीनगर

तबाही का आलम ये है कि गुजरात में सेना को उतारना पड़ गया है। राज्य के 939 स्टेट हाईवे, नेशनल हाईवे और दूसरी सड़कें ठप हैं। शहर-शहर सैलाब से मची तबाही का भयावह मंजर है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिन तक भारी बारिश का हाई-अलर्ट जारी किया है। गुजरात में कुदरत का कहर ऐसा है कि कारें बह गईं, सड़कें बह गईं, पुल बह गए, बस अड्डा डूब गया। कॉलोनियां जलमग्न हैं। कच्छ से लेकर द्वारका तक, जामनगर से लेकर मोरबी तक, जूनागढ़ से लेकर राजकोट तक, खेड़ा से लेकर पोरबंदर तक, बोटाद से लेकर भावनगर तक... यानी गुजरात के 18 ज़िले भयावह हालात से जूझ रहे हैं। एक तरफ बर्बादी की बारिश से त्राहिमाम मचा हुआ है, तो दूसरी तरफ वडोदरा में घरों के दरवाजों तक मगरमच्छ पहुंच गए।



### बस स्टैंड डूबा, टोल प्लाजा जलमग्न

जामनगर में बाढ़ ने लोगों को घरों में हाउस अरेस्ट कर दिया। घर के अंदर और बाहर पानी हैं। जामनगर विधायक रिवाबा जडेजा बाढ़ प्रभावित इलाके में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए टीम के साथ पहुंची थीं। रेस्क्यू टीम ने सीढ़ियों और रस्सी के सहारे बाढ़ में फंसे लोगों को बाहर निकला। जामनगर का सरकारी बस स्टैंड पानी में डूब गया है। सिर्फ बसों की छत नजर आ रही हैं, इतना ही नहीं, टोल प्लाजा भी जलमग्न हो चुका है। यही हाल राजकोट का भी है।

**41 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया :** गुजरात के अलग-अलग हिस्सों से अब तक कुल 41,678 लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से दूसरी जगह सुरक्षित पहुंचाया गया है, बीते 48 घंटे इंडियन कोस्ट गार्ड, नेवी, भारतीय सेना, वायुसेना और एनडीआरएफ, एडीआरएफ की टीम ने 500 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया है। गुजरात में **NDRF** की 15, **SDRF** की 27 और सेना की 7 टीमें तैनात हैं।

### ओमान की ओर बढ़ा चक्रवात असना

शुक्रवार दोपहर में गुजरात के कच्छ तट पर बना चक्रवात 'असना' अब अरब सागर की ओर बढ़ चुका है और ओमान की ओर बढ़ रहा है। इसका क्षेत्र पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कच्छ जिला कलेक्टर अमित अरोड़ा के मुताबिक, "सुरक्षा के लिए स्थानीय प्रशासन ने करीब 3,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया था और झुग्गी-झोपड़ियों और कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को अन्य भवनों में शरण लेने के लिए कहा गया था।" अरोड़ा ने बताया कि चक्रवात के समुद्र में चले जाने और ओमान की ओर बढ़ने के बाद तट पर कुछ बारिश और तेज हवा चलने के अलावा कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा। अभी तक किसी प्रकार के जन-धन के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। वहीं, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज शाम एक बयान में कहा कि कच्छ तट और पाकिस्तान के पास बने गहरे तूफान ने चक्रवात का रूप लिया। यह चक्रवात सुबह साढ़े ग्यारह बजे भुज के उत्तर-पश्चिम में करीब 190 किलोमीटर दूर था।

## विदेश मंत्री जयशंकर की पाक को दो टूक

# बातचीत का युग समाप्त, जैसे को तैसा वाला होगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमलों और बांग्लादेश के चिंताजनक हालातों में पाकिस्तान की भूमिका के संकेतों के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने शुक्रवार को बेहद कड़े अंदाज में कहा कि पाकिस्तान के साथ निर्बाध बातचीत का युग समाप्त हो गया है। हम निष्क्रिय नहीं, हर कार्रवाई का परिणाम होता है। फिर चाहे वो (पाक) सकारात्मक चीजें करें या नकारात्मक। हम उसे उसी की भाषा में जवाब देंगे। ये उसी के कर्म हैं। बांग्लादेश को लेकर उन्होंने कहा कि हम भारत के हितों को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश के साथ संबंध रखेंगे। वहां हुआ राजनीतिक परिवर्तन विध्वंसक हो सकता है। 'स्ट्रैजिक कॉनड्रमः रिसेपिंग इंडियाज फॉरेन पालिसी' नामक पुस्तक के राजधानी में हुए विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह जानकारी दी।



### पाक से बातचीत नहीं चाहता भारत

कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने कुछ सवालों के जवाब भी दिए। इनमें जम्मू-कश्मीर को लेकर उन्होंने कहा कि अब वहां पर अनुच्छेद-370 समाप्त हो चुका है। इसलिए वर्तमान में विषय यह है कि आज हम पाकिस्तान के साथ किस तरह के रिश्ते के बारे में सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब लोग ये भी कहते हैं कि भारत ही पाकिस्तान के साथ बात नहीं करना चाहता है। यह काफी हद तक सही भी है। पाकिस्तान चाहे सकारात्मक या नकारात्मक चीजें करे। हम उसी की भाषा में उसे जवाब देंगे।

### बांग्लादेश का राजनीतिक परिवर्तन चिंताजनक

जयशंकर ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों को लेकर कहा कि बांग्लादेश की आजादी के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में काफी उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। यह स्वाभाविक है कि हम मौजूदा सरकार के साथ व्यावहारिक रहेंगे। हमें यह भी पहचानना होगा कि राजनीतिक परिवर्तन हो रहे हैं और ये विध्वंसकारी हो सकते हैं।

बोले- पहले देखूंगा कि किस तरह का खतरा है

# पवार ने जेड प्लस सुरक्षा लेने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को गृह मंत्रालय द्वारा दी गई Z प्लस कैटेगरी की सुरक्षा लेने से इंकार कर दिया है। गृह मंत्रालय ने कुछ दिन पहले उन्हें Z प्लस सुरक्षा देने का निर्णय लिया था, जिसमें सीआरपीएफ के 58 कमांडोज उनकी सुरक्षा में तैनात किए जाने थे।

बता दें कि शरद पवार पहले भी जेड प्लस सिक्योरिटी को लेकर अपनी उदासीनता जाहिर कर चुके हैं। अभी हाल ही में जब उन्हें ये सुरक्षा दिए जाने का फैसला लिया गया था, पवार ने तब भी इस पर तंज कसा था। जेड प्लस सिक्योरिटी मिलने को लेकर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में इसे जासूसी का जरिया बताया था। पवार ने कहा था कि उन्हें दी गई जेड प्लस सुरक्षा उनके बारे में "प्रामाणिक जानकारी" प्राप्त करने का एक तरीका हो सकता है, क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नजदीक हैं।

### सुरक्षा की शर्त

सूत्रों के मुताबिक, शरद पवार ने कहा है कि वह पहले यह जांच करेंगे कि उनके खिलाफ किस प्रकार का थ्रेट परसेप्शन है, और उसके बाद ही वह सुरक्षा लेने पर विचार करेंगे। उन्होंने इस संबंध में गृह मंत्रालय के कुछ अधिकारियों से जानकारी भी मांगी है। फिलहाल, शरद पवार ने आज जेड प्लस सुरक्षा लेने से मना कर दिया है, और इस मामले में उनकी अगली कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

कांग्रेस ने उठाया सवाल

# 'मोदी पूरी दुनिया जा सकते हैं तो मणिपुर क्यों नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की टिप्पणियों को लेकर शुक्रवार को उन पर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा तथा सवाल किया कि जब प्रधानमंत्री पूरी दुनिया में जा रहे हैं तो हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करके शांति की स्थापना की पहल क्यों नहीं कर सकते। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं और उनके रहते हालात में बेहतरी नहीं आ सकती। इससे पहले, बीरेन सिंह ने साक्षात्कार में कहा कि केंद्र की मदद से छह महीने में पूर्ण शांति बहाल की जाएगी। शांति लाने में बातचीत के साथ-साथ केंद्र सरकार की भागीदारी अहम होगी, चाहे वह गृह मंत्रालय के माध्यम से हो या अन्य एजेंसी के माध्यम से।

### प्रधानमंत्री जो कर रहे हैं वो अस्वीकार्य

रमेश ने कहा, "मणिपुर के लोग चाहते हैं कि प्रधानमंत्री राज्य का दौरा करें और प्रधानमंत्री नहीं गए। यह एक असाधारण स्थिति है, वह पूरी दुनिया में गए लेकिन उन्हें कुछ घंटों के लिए मणिपुर जाने का मौका नहीं मिला। प्रधानमंत्री जो कर रहे हैं वो अस्वीकार्य है और उन्होंने जो किया है वह अक्षम्य है।" रमेश ने दावा किया कि मणिपुर में हिंसा को लगभग 16 महीने बीत चुके हैं, लेकिन कोई शांति नहीं है, कोई सद्भाव नहीं है, कोई मेल-मिलाप नहीं है, कोई सामान्य स्थिति नहीं है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

कंगना बोलीं- अदालत जाऊंगी

# 'इमरजेंसी' को सेंसर बोर्ड नहीं दे रहा है सर्टिफिकेट




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। जिसमें वो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। लेकिन एक्ट्रेस की ये फिल्म रिलीज से पहले विवादों में घिरती दिखाई दी, जिसको लेकर अब कंगना ने बड़ा बयान दिया और कहा कि वो इसके लिए अब कोर्ट जाने को भी तैयार है। रनौत ने अपने एक्स अकाउंट पर वीडियो शेयर कहा- हमारी फिल्म क्लियर हो गई थी, लेकिन उसका सर्टिफिकेशन रोक दिया गया है। इस वक्त हमें बहुत ज्यादा धमकियां आ रही है जान से मारने देने की. साथ ही सेंसर वालों को भी बहुत धमकियां मिल रही है। जिसके बाद हमपर ये प्रेशर है कि मिसेज गांधी की हत्या ना दिखाई जाए। पंजाब राइट्स ना दिखाए। तो मुझे अब ये समझ नहीं आ रहा कि अब क्या दिखाया जाए। ये मेरे लिए बहुत हैरान कर देने वाला वक्त है।

### हमें इतिहास दिखाना होगा

रनौत ने कहा- मैं इसके लिए लड़ने के लिए तैयार हूं। फिल्म की रक्षा के लिए मैं अदालत तक जाऊंगी। क्योंकि आप ऐसा नहीं कर सकते. हमें इतिहास दिखाना होगा। लगभग 70 साल की एक महिला को उसके घर में 30-35 बार गोली मारी गई. अब आप इसे दिखाना नहीं चाहते हैं। क्योंकि जाहिर तौर पर, आपको लगता है कि आप ऐसा करेंगे तो किसी को चोट पहुंचेगी लेकिन आपको इतिहास दिखाना होगा कि वो कैसे मारी गई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
शनिवार, 31 अगस्त 2024
भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 23, अंक : 44
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 34.0
न्यून. 24.3

# धुला दाग, शुद्ध नस्ल की वनभैंस ने दिया शावक को जन्म, एक और गर्भवती

गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राज्य के राजकीय पशु वनभैंसा के संरक्षण, संवर्धन की कोशिश कर रहे वन अफसरों के लिए बारनवापारा से दिल को सुकून देने वाली खुशखबरी सामने आई है। असम से लाई गई मानसी नामक वनभैंस ने 15 दिन पूर्व एक शावक को जन्म दिया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक पिछले वर्ष असम से लाई गई चार मादा वनभैंसों में से एक गर्भवती है। इस तरह वन विभाग के अफसरों को जल्द ही दोहरी खुशी मिलने वाली है। गौरतलब है कि वन विभाग के अफसर वर्ष 2020 में असम से एक नर तथा एक मादा तथा वर्ष 2023 में चार मादा वनभैंसा लाए हैं। असम से लाई गई मादा वनभैसों को बारनवापारा में बाड़ा बनाकर रखा है। वर्ष 2020 में लाए गए वनभैसों ▶▶|शेष पेज 4 पर



### मिश्रित नस्ल यानी हाईब्रिड भैंसों को लेकर वन विभाग पर उठते रहे हैं सवाल, अब मिली थोड़ी राहत


हाइब्रिड वनभैंसों के लिए दस साल में फूंके ढाई करोड़, अब चारे के लिए पैसा नहीं

### हाईब्रिड वनभैसों का दाग धुलने में मदद मिलेगी

गौरतलब है कि उदंती के वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर में रखे गए वनभैसों में से छोटू को छोड़ अन्य 17 वनभैसों के हाइब्रिड होने की पुष्टि होने के बाद जंगल में छोड़ना पड़ा। हालांकि ग्रामीणों ने उन हाइब्रिड वनभैसों को हकाल कर पुनः रेस्क्यू सेंटर में बंद कर दिया। वन विभाग के पास छत्तीसगढ़ का प्योर नस्ल का छोटू नामक वनभैंसा है, जो काफी उम्रदराज हो गया है।

### इंद्रावती में डेढ़ दर्जन वनभैंसा होने का दावा

वन अफसर इंद्रावती टाइगर रिजर्व में डेढ़ दर्जन के करीब वनभैंसा होने का दावा करते हैं। इसका वन अफसरों ने दो साल पूर्व एक फोटो भी जारी किया था। जानकारों के मुताबिक इंद्रावती में देखे गए वनभैंसा का मूवमेंट महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से इंद्रावती के बीच होता रहता है। वनभैंसा चारा तथा पानी की तलाश में इंद्रावती टाइगर रिजर्व की ओर आ जाते हैं।

### गोपनीयता बरतने को लेकर सवाल उठ रहे

जानकारों के मुताबिक वनभैंसा राज्य का राजकीय पशु होने के साथ ही शेड्यूल-1 प्रजाति का एनिमल है। ऐसे में मानसी ने शावक को जन्म दिया, इस बात की जानकारी वन अफसरों को सार्वजनिक करनी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया। साथ ही वन अफसरों ने शावक का अब तक फोटो भी जारी नहीं किया है। इस बात को लेकर जानकार वनभैंसा के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## एनएमडीसी ने कहा- जुर्माना अनुचित, तथ्यों की अनदेखी की गई

# कलेक्टर ने लगाया एनएमडीसी पर 1620 करोड़ का जुर्माना, 15 दिन में जमा करनी होगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

खास खबर

*किरंदुल एनएमडीसी लिमिटेड पर दंतेवाड़ा कलेक्टर ने अब तक सबसे बड़ा जुर्माना ठोंका है। खनिज नियमों के उल्लंघन का दोषी बताते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने एनएमडीसी पर 1620 करोड़ रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह राशि एनएमडीसी को 15 दिन में जमा करनी होगी। वहीं एनएमडीसी ने कहा है कि हमने किसी नियम का उल्लंघन नहीं किया है। कानूनी प्रक्रिया का पालन करेंगे।*

खनिज शाखा, जिला दक्षिण बस्तर के आदेश के मुताबिक किरंदुल तहसील बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में डिपॉजिट नंबर 14 एनएल, डिपाजिट नंबर 14 एनएमजेड क्षेत्र में मुख्य खनिज लौह अयस्क का खनिज पट्टा स्वीकृत है। यहां खनन और परिवहन में गड़बड़ी पाई गईं। 12 अगस्त 2024 को एनएमडीसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

कलेक्टर के मुताबिक स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया। एमएमडीसी को खनिज उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण नियम 2009 के नियम (4)(1)(चार) का उल्लंघन करने का दोषी पाया। उसके बाद छत्तीसगढ़ खनिज नियम 2009 के नियम (5)के अनुसार खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (5)के तहत खनिज के बाजार मूल्य एवं रायल्टी कुल अर्थ दंड की राशि 1 हजार 6 सौ 20 करोड़ 49 लाख 52 हजार 482 आरोपित किया है। उक्त अर्थदंड की राशि जमा करने के लिए 15 दिवस का समय दिया गया है।






**बैलाडीला पहाड़ी श्रृंखला**

जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा से 28 किलोमीटर दूर स्थित बैलाडीला देश के बेहतरीन लौह अयस्क के लिए प्रसिद्ध है। एनएमडीसी बैलाडीला पहाड़ी श्रृंखला पर बचेली और किरंदुल कस्बों में खनन कार्य चल रहा है।

### एनएमडीसी ने जुर्माने को गलत बताया

कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किए जाने के बाद एनएमडीसी ने अपना पक्ष रखा है। एनएमडीसी प्रवक्ता ने कहा है कि जुर्माना अनुचित है। रेलवे ट्रांजिट पास (आरटीपी) के बिना लौह अयस्क के कथित परिवहन और इस प्रकार विभिन्न खनन कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 1620.5 करोड़ रुपये का जुर्माना और मुआवजा लगाने का प्रस्ताव दिया है। वर्तमान मामले में तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार किए बिना केवल और बिना देखे जुर्माना और मुआवजे की मांग के लिए लागू नोटिस के माध्यम से मुआवजा और जुर्माना लगाना पूरी तरह से अनुचित है। ऑनलाइन पोर्टल और अग्रिम रॉयल्टी के भुगतान के बाद, ई-परमिट नंबर जेनरेट किए जा रहे हैं। बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने रेलवे ट्रांजिट पास (आरटीपी) के बिना लौह अयस्क के कथित परिवहन के लिए छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन और भंडारण) नियम 2009 का कोई उल्लंघन नहीं किया है।

# रेप-मर्डर केस के क्राइम सीन पर दिखी भीड़, आमने-सामने सीबीआई और पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में लेडी डॉक्टर रेप-मर्डर केस की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें अस्पताल के सेमिनार हॉल में मौजूद क्राइम सीन पर भीड़ दिख रही है। इस केस की जांच कर रही सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया था कि क्राइम सीन के साथ छेड़छाड़ की गई है, जिसकी इस तस्वीर से पुष्टि की जा सकती है, लेकिन कोलकाता पुलिस का कहना है कि तस्वीर में वही लोग दिख रहे हैं, जिन्हें वहां रहने की इजाजत दी गई थी। इधर, प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ममता बोलीं- केंद्र बनाएं कड़े केंद्रीय कानून

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को पत्र लिखकर बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों के लिए कड़े केंद्रीय कानून और कठोर सजा का प्रावधान किए जाने का अनुरोध दोहराया। बनर्जी ने कुछ दिन पहले भी मोदी को पत्र लिखा था। ममता ने बलात्कार और हत्या के मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए अनिवार्य प्रावधान की मांग की।



### भाजपा और टीएमसी दोनों ने किया प्रदर्शन

रेप-मर्डर मामले को लेकर टीएमसी और भाजपा दोनों ने विरोध-प्रदर्शन किया। बंगाल भाजपा की महिला मोर्चा ने 'महिला आयोग तालाबंद अभियान' के तहत राज्य महिला आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। दूसरी तरफ, टीएमसी छात्र संघ के समर्थक राज्य के सभी कॉलेजों में प्रदर्शन किया। पार्टी केंद्र से आरोपियों के लिए मृत्युदंड का कानून पारित करने की मांग कर रही है। टीएमसी ने 31 अगस्त को राज्य के सभी ब्लॉक में धरना देने का ऐलान भी किया है।

## खबर संक्षेप

### विहिप नेता की हत्या मामले में एनआईए छापे

**नई दिल्ली।** एनआईए ने विश्व हिंदू परिषद के नेता विकास प्रभाकर की हत्या मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पंजाब में छापेमारी की। प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की 13 अप्रैल को पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल में उनकी हलवाई की दुकान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह विहिप की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे।



### पिटबुल के हमले में सात वर्षीय बच्चे की मौत

**पणजी।** उत्तरी गोवा के अंजुना गांव में 'पिटबुल' नस्ल के कुत्ते के हमले में सात वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। कुत्ते के मालिक के खिलाफ लापरवाही के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रभास कलंगुटकर (सात) अपनी मां के साथ टहल रहा था। तभी 'पिटबुल' ने उस पर हमला कर दिया।



### बस अनियंत्रित होकर पलटी, 18 घायल

**शाहजहांपुर।** जिले में सीतापुर से सवारियों को लेकर हरिद्वार जा रही निजी बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बैल को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 18 लोग घायल हो गए। करीब एक बजे यह बस थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र में राजमार्ग पर पहुंची ही थी कि एक बैल अचानक बस के आगे आ गया।




### जगदीश टाइटलर के खिलाफ तय होंगे आरोप

नई दिल्ली। अदालत ने शुक्रवार को सीबीआई को 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा टाइटलर के खिलाफ हत्या, दंगा, हत्या के लिए उकसाने इत्यादि आरोप में मुकदमा चलाने के पर्याप्त साक्ष्य है।



### समारोह में नाचते समय हेड कांस्टेबल की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रूप नगर पुलिस थाने के प्रभारी के विदाई समारोह में नाचते समय एक हेड कांस्टेबल की संभवतः दिल का दौरा पड़ने से अचानक मौत हो गई। हेड कांस्टेबल रवि कुमार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले थे और 2010 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। थाना प्रभारी का हाल में स्थानांतरण हुआ था।



**छह अफसरों को अतिरिक्त प्रभार**

# हिमशिखर नए गृह सचिव और कटारा को पापुनि का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





राज्य शासन ने छह आईएएस अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपने तथा कुछ को प्रभार से मुक्त करने का आदेश जारी किया है। निहारिका बारिक सिंह को महानिदेशक ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह प्रभार पूर्व में डॉ. सीआर प्रसन्ना ▶▶|शेष पेज 4 पर





### अगले हफ्ते छग लौटेंगे रोहित और रजत

छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अफसर डॉ. रोहित यादव और रजत कुमार अगले हफ्ते छत्तीसगढ़ लौट रहे हैं। रोहित 2017 में दिल्ली गए थे और रजत 2018 में। दोनों आईएएस भारत सरकार से रिलीव हो चुके हैं। रजत कुमार 5 सितंबर को छत्तीसगढ़ आएंगे और उसी दिन मंत्रालय में ज्वाइनिंग देंगे। ▶▶|शेष पेज 4 पर

# गर्ल्स हॉस्टल के टॉयलेट में कैमरा, छात्राओं में आक्रोश

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल के टॉयलेट में हिडेन कैमरा मिलने के बाद छात्राओं में आक्रोश है। छात्राओं ने इस घटना को लेकर कॉलेज में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं, इस घटना की जानकारी छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन को दी है। कॉलेज के अधिकारियों का कहना है कि जांच की जा रही है, जिसने भी ये हरकत की है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में स्थित गुडलवालेरु कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की है। यहां गर्ल्स हॉस्टल के टॉयलेट में हिडन कैमरा लगा हुआ था।



### मंत्री ने दिए जांच के आदेश

आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश ने यहां एक इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्राओं के शौचालय में कथित तौर पर गुप्त कैमरे लगाए जाने के मामले की शुक्रवार को जांच के आदेश दिए। लोकेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कॉलेज में छात्राओं के शौचालय में गुप्त कैमरे लगाए जाने के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। दोषियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**बैकफुट पर मुख्यमंत्री**

# तेलंगाना सीएम ने मांगी माफी कहा- न्याय प्रक्रिया पर भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को बयान जारी कर सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। रेड्डी ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका के प्रति मेरा सर्वोच्च सम्मान और पूर्ण विश्वास है। बयानों के लिए बिना शर्त खेद व्यक्त करता हूं।

### क्या है मामला

बता दें कि तेलंगाना के सीएम रेड्डी ने बुधवार को कहा था कि बीजेपी और बीआरएस में लोकसभा चुनाव में हुई डील के कारण के. कविता को पांच महीने में ही बेल मिल गई है। मनीष सिसोदिया को 15 महीने बाद जमानत मिल गई, जबकि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अभी भी जेल में बंद हैं।



बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद

इम्युनिटी एवं स्फूर्ति बढ़ाने में सहायक

सुखी दाम्पत्य जीवन हेतु, अश्वगंधामृत का नियमित रूप से सेवन आपके जीवन को अधिक सुखदायक बनाता है व तनाव, थकान एवं बदन दर्द जैसी तकलीफों से राहत प्रदान करने में मदद करता है तथा शक्ति एवं स्फूर्ति प्रदान करता है।

अश्वगंधामृत




शरीर में शक्ति व स्फूर्ति कायम रखने एवं तनाव कम करने में सहायक।

वैद्यकीय सलाह : 8448444935
www.baidyanath.co

## स्त्रीधन पर सिर्फ और सिर्फ महिला का ही अधिकार

# बेटी के जेवरात पर पिता का हक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि शादी के समय माता-पिता की तरफ से दिए जाने वाले सोने के आभूषण और अन्य सामान, जिन्हें 'स्त्रीधन' कहा जाता है, पर सिर्फ और सिर्फ महिला का ही अधिकार है। कोर्ट ने आगे कहा कि तलाक के बाद, महिला के पिता को उसके पूर्व ससुराल वालों से उन उपहारों को वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक केस की सुनवाई के दौरान यह अहम व्यवस्था दी। अदालत ने कहा कि भले ही एक ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पति-पूर्व पति को भी अधिकार नहीं

शीर्ष अदालत का यह फैसला अहम है और भविष्य के ऐसे कई मामलों में नजीर बन सकता है। अदालत ने कहा कि पति या फिर पूर्व पति का स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं है। इसके अलावा उसके पिता का भी कोई अधिकार नहीं है, जब तक कि महिला जीवित है और अपने बारे में फैसले लेने में सक्षम है।



**क्या है मामला:** पी वीरभद्र राव की बेटी की शादी दिसंबर 1999 में हुई थी। शादी के बाद पति और पत्नी दोनों अमेरिका चले गए थे। शादी के 16 साल बाद बेटी ने तलाक के लिए अर्जी दी। मिसौरी में लुइस काउंटी सर्किट कोर्ट ने फरवरी 2016 में आपसी सहमति से तलाक को मंजूरी दे दी। संपत्ति और वित्तीय मामले एक अलगाव समझौते के जरिये दोनों पक्षों के बीच सुलझाए गए थे। इसके बाद महिला ने मई 2018 में दोबारा शादी कर ली। तीन साल बाद पी वीरभद्र राव ने हैदराबाद में अपनी बेटी के पूर्व ससुराल वालों के खिलाफ उसका स्त्रीधन वापस करने के लिए एफआईआर दर्ज कराई।

### स्त्रीधन क्या है?

'स्त्रीधन' वह संपति है, जिस पर किसी महिला को पूर्ण अधिकार होता है। जिसका इस्तेमाल वह बिना किसी रोक-टोक के कर सकती है। महिला की शादी के समय या उससे पहले या फिर शादी के बाद या बच्चे के जन्म के समय उसे जो कुछ भी गिफ्ट के रूप में मिलता है, चाहे वह जूलरी हो, कैश हो, जमीन हो, मकान हो, उसे 'स्त्रीधन' कहा जाता है। 'स्त्रीधन' के दायरे में सिर्फ शादी के समय, बच्चे के जन्म या किसी त्योहार पर महिला को मिले गिफ्ट नहीं आते बल्कि उसके जीवनकाल में उसे जो कुछ भी उपहार के रूप में मिलता है, वो सब इसके दायरे में आते हैं। इस धन पर सिर्फ और सिर्फ महिला का अधिकार होता है।

**हाईकोर्ट ने चार आरोपियों को किया बरी**

# केवल हथियार की बरामदगी ही दोषसिद्धि का आधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक चर्चित हत्या के मामले में चार आरोपियों की दोषसिद्धि को पलट दिया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है अपीलकर्ताओं से केवल हथियार की बरामदगी दोषसिद्धि का आधार नहीं बन सकती, जब तक कि अपराध करने का कोई स्थापित उद्देश्य न हो। फैसले में इस बात पर भी जोर दिया गया कि आपराधिक मामलों में, अपराध को उचित संदेह से परे साबित ▶▶|शेष पेज 4 पर

- **जब तक कि अपराध करने का कोई स्थापित उद्देश्य न हो**



### शिवरीनारायण के प्रभारी सीएमओ को हाईकोर्ट से राहत

बिलासपुर। नगर पालिका कुम्हारी में राजस्व अधिकारी के पद में पदस्थ राकेश साहू को हाईकोर्ट से राहत मिली है। याचिका के मुताबिक श्री साहू ने 23 अगस्त 2024 को शिवरीनारायण में ज्वाइन किया और तत्काल बाद 27 अगस्त को उनका तबादला वापस कुम्हारी कर दिया गया। इसके खिलाफ अधिवक्ता संदीप ▶▶|शेष पेज 4 पर

चिंतन

# अर्थव्यवस्था को नए सुधारों की जरूरत

भारत अगले 23 साल में विकसित राष्ट्र बनने को संकल्पित है, इसके लिए जीडीपी ग्रोथ डबल डिजिट में चाहिए। औसत जीडीपी ग्रोथ लगातार आठ फीसदी से अधिक रहने पर ही भारत लक्ष्य के करीब पहुंच सकता है। लेकिन कुछेक वर्षों से विश्व में सबसे अधिक तेजी से ग्रोथ करने के बावजूद जीडीपी का सालाना आंकड़ा आठ फीसदी को पार नहीं कर पाया है। औसत जीडीपी दर सात से साढ़े सात फीसदी के बीच रही है, कुछेक तिमाही में सात फीसदी से नीचे तो एक तिमाही में आठ के पार रही है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में देश की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। अभी मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के खराब प्रदर्शन के चलते पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि की रफ्तार घटी है। कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार लंबे समय से अपेक्षित है, राजनीतिक दबाव के चलते सरकार पैबंदनुमा सुधार ही कर पा रही है। यूं तो भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था बना हुआ है। अप्रैल-जून तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत थी। अमेरिका, यूरोप, यूके, रूस और विश्व आदि की वार्षिक जीडीपी दर भारत से काफी कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर केवल दो प्रतिशत रही। बीते वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 3.7 प्रतिशत था। भारतीय कृषि में काफी पोटेंशियल भी है, लेकिन कृषि क्षेत्र में नीतिगत विसंगतियों, कृषि प्राथमिकताओं का अभाव, खेती के प्रति कृषकों की उदासीनता, अत्यधिक लागत, सिंचाई की व्यवस्था की कमी, मानसून पर निर्भरता, विपणन सिस्टम में खामियां आदि समस्याएं वर्षों से हैं, जिसके चलते कृषि क्षेत्र में अपेक्षित सुधार व ग्रोथ नहीं हो रही है। इसका असर जीडीपी पर पड़ रहा है। विनिर्माण क्षेत्र ने सालाना आधार पर सात फीसदी का ग्रोथ दर्ज किया है, लेकिन बुनियादी ढांचा उद्योग की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट के कारण जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1 प्रतिशत रह गई है। हालांकि, यह मासिक आधार पर जून के 5.1 प्रतिशत से ज्यादा रही। जुलाई, 2023 में आठ बुनियादी उद्योगों- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र का उत्पादन 8.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष के पहले चार माह (अप्रैल-जुलाई) में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.1 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आठ बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में भारांश 40.27 प्रतिशत का है। आईआईपी समग्र औद्योगिक वृद्धि का मापक है। जीडीपी के साथ-साथ बुनियादी ढांचा उद्योग की रफ्तार में सुस्ती सरकार के लिए आर्थिक मोर्चे पर दस्तक है। जुलाई में आए आम बजट में कई सुधारात्मक स्टेप हैं, लेकिन मौजूदा वक्त में भारतीय अर्थव्यवस्था को अगले चरण के आर्थिक सुधार की तत्काल आवश्यकता है। कृषि, उद्योग, सेवा तीनों क्षेत्र में नीतिगत, पूंजीगत और व्यवस्थागत सुधार जरूरी है। सरकार आर्थिक वृद्धि के सभी कारकों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए, जिससे जीडीपी की गति सुस्त न पड़े, वरना 5 ट्रिलियन इकोनॉमी व विकसित भारत जैसे लक्ष्य दम तोड़ देंगे।

# संघर्ष का चरित्र स्थायी बनाना होगा



बांग्लादेश
अवधेश कुमार

सच यही है कि अगर बांग्लादेश के हिंदुओं ने साहस नहीं दिखाया होता तो उनको विश्व का जनसमर्थन नहीं मिलता। इसके साथ भारत में भी अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन शुरू हुआ। भारत के बाहर अमेरिका-इंग्लैंड और समेत कई देशों के हिंदुओं ने सड़कों पर उतरकर बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एकता दर्शायी तथा अपने-अपने देश से मांग की कि वहां शेख हसीना की सत्ता उखाड़ फेंकने के बाद शासन चलाने वालों पर दबाव बढ़ाया जाए। इसका प्रभाव भी हुआ। जब मोहम्मद युनुस कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई में ही हिंदुओं पर हो रहे हमलों का जिक्र करते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार उसे रोकेगी।

यह पहली बार है जब बांग्लादेश में हिंदुओं और उनके धर्मस्थलों पर हुए हमले के विरुद्ध पूरी दुनिया में आक्रोश प्रदर्शन देखा गया है। स्वयं बांग्लादेश में भी भारी संख्या में हिंदू सड़कों पर उतरेंगे इसकी भी कल्पना नहीं थी। इसी का परिणाम हुआ कि बांग्लादेश की वर्तमान गठित अंतरिम सरकार की ओर से औपचारिक रूप से हिंदुओं से माफी मांगी गई तथा कहा गया कि हम आपकी हर हाल में रक्षा करेंगे। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में लग रहा था कि जैसे हिंदुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा हो। लग रहा था कि उनके अंदर संघर्ष करने और अपना अधिकार पाने का जज्बा बना हुआ है। प्रदर्शन में महिलाएं भी नेतृत्व करतीं दिखीं।

सच यही है कि अगर बांग्लादेश के हिंदुओं ने साहस नहीं दिखाया होता तो उनको विश्व का जनसमर्थन नहीं मिलता। इसके साथ भारत में भी अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन शुरू हुआ। सबसे बड़ा प्रदर्शन नारी शक्ति के नेतृत्व में दिल्ली के मंडी हाउस से जंतर -मंतर तक 16 अगस्त को हुआ। भारत के बाहर अमेरिका-इंग्लैंड -फ्रांस -कनाडा और न जाने किन-किन देशों के हिंदुओं ने उतरकर बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एकता दर्शायी तथा अपने-अपने देश से मांग की कि वहां शेख हसीना की सत्ता उखाड़ फेंकने के बाद शासन चलाने वालों पर दबाव बढ़ाया जाए। इसका प्रभाव भी हुआ। संयुक्त राष्ट्र संघ ने हिंदुओं पर हमले रोकने की मांग की तो अमेरिका व कुछ अन्य देशों का भी ऐसा ही बयान आया। हालांकि भारत ने शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़कर यहां आने के बाद से ही अपना स्टैंड बिल्कुल स्पष्ट रखा। संसद में दिए बयान में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम वहां की अथॉरिटी से संपर्क में हैं। पूरे बयान में यह निश्चयात्मक भाव था कि वहां गैर मुस्लिमों विशेषकर हिंदुओं, बौद्धों, सिखों आदि पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए भारत जो कुछ संभव है, करेगा। जब मोहम्मद यूनुस कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई में ही हिंदुओं पर हो रहे हमलों का जिक्र करते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार उसे रोकेगी।

वैसे नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बांग्लादेश व पाकिस्तान दोनों जगह हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों यहां तक कि ईसाइयों के विरुद्ध हिंसा पर भारत ने हमेशा स्पष्ट रुख अपनाया है। मोदी सरकार ने 2019 में ही अपने तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के गैर मुसलमानों की धार्मिक प्रताड़ना को आधार बनाकर ही नागरिकता संशोधन कानून बनाए जो इसके प्रति वर्तमान भारत की प्रतिबद्धता दर्शाता है। हालांकि कुछ सीमा के इलाकों में बांग्लादेशी हिंदू भारत में प्रवेश करने के लिए भी पहुंच गए। इससे यह संकेत मिला कि यदि आगे स्थिति बिगड़ी तो भारत को इसके संबंध में स्पष्ट नीति और तैयारी रखनी पड़ेगी।

जैसी जानकारी है कि भारत सरकार लगातार बांग्लादेश सरकार के अलावा वहां के संगठनों, प्रमुख धार्मिक संस्थाओं तथा विश्व की एजेंसियों व प्रमुख देशों के साथ भी इस मामले पर संपर्क में है। बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान का चरित्र इस मामले में भयावह रहा है। वहां 1951 में हिंदुओं की आबादी लगभग 22 प्रतिशत थी। 2011 तक यह घटकर लगभग 8.54 प्रतिशत रह गई। बांग्लादेश की समाचार वेबसाइट डेली




स्टार के अनुसार 2022 में भारत के इस पड़ोसी देश की आबादी साढ़े सोलह करोड़ से कुछ ज्यादा थी जिसमें 7.95 प्रतिशत लोग हिंदू थे। धार्मिक उत्पीड़न, जबरन धर्म परिवर्तन, संपत्तियों पर कब्जा आदि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में समान रहा है। शेख हसीना के कार्यकाल में भी हिंदू लगातार धार्मिक उत्पीड़न और हिंसा के शिकार रहे हैं। इन देशों में एक पूरा ढांचा मजहबी कट्टरवाद का है जिनके लिए गैर इस्लामिक काफिर हैं और उनको इस्लाम के अंदर लाना या न आने पर प्रताड़ित करना ये अपना मजहबी दायित्व समझते हैं। यह आम समाज से लेकर सत्ता तक विस्तारित है। बांग्लादेश के हिंदुओं ने जैसा प्रदर्शन किया है, निश्चित रूप से वहां गठित की गई वर्तमान अंतरिम सरकार को भी इसकी कल्पना नहीं रही होगी।

आखिर आज तक जो नहीं हुआ, वह आगे होगा इसकी कल्पना कैसे की जा सकती है। या तो इसे 'मरता क्या न करता' का परिणाम कहा जाए क्योंकि हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों के पास कोई चारा ही नहीं बचा था। दूसरी ओर, पिछले 10 वर्षों में भारत के चरित्र में आए परिवर्तन तथा दुनियाभर में इसके प्रभाव को भी नकारा नहीं जा सकता। इस स्थिति ने ही विश्वभर के हिंदुओं और इनसे जुड़े समुदायों के अंदर आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मबल पैदा किया है। बांग्लादेश के हिंदू समुदाय ने कहीं भी हिंसा का प्रत्युत्तर हिंसा से नहीं दिया है। यही स्थिति अन्य जगह भी है। जो भी समाज अपनी सुरक्षा के लिए उठकर खड़ा नहीं होता,उसकी ओर कोई ध्यान नहीं देता। यह कमजोरी अगर दूर हुई है तो इसे भविष्य की दृष्टि से हिंदुओं के लिए अच्छा संकेत और संदेश माना जाना चाहिए। बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक असहिष्णुता और इसके आधार पर भेदभाव व हिंसा खत्म करने के लिए लंबे संघर्ष और परिवर्तन की आवश्यकता है। वैसे भी शेख हसीना की सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए जिन शक्तियों के बीच घोषित - अघोषित गठजोड़ हुआ उनमें पाकिस्तान समर्थक कट्टरपंथी मजहबी हिंसक तत्व भी शामिल हैं। किंतु अहिंसक तरीके और प्रखर होकर अपनी भावना सामूहिक तौर पर अभिव्यक्त करने का असर होता है। गृह मंत्रालय के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत) मुहम्मद सखावत हुसैन अगर सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं कि हिंसा में अनेक स्थानों पर हिंदुओं पर हमले हुए, उसके लिए सरकार को खेद है और इस हिंसा में जिन लोगों को नुकसान हुआ और जो मंदिर तोड़े या जलाए गए हैं उनकी क्षतिपूर्ति और निर्माण के लिए सरकार आर्थिक सहायता देगी तो अतीत को देखते हुए यह सामान्य परिवर्तन नहीं है। उनकी पंक्ति देखिए, हम आपकी रक्षा करने में विफल रहे हैं, और इसके लिए हमें खेद है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने देश के सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, लेकिन हम इसमें असफल रहे हैं। यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि देश के बहुसंख्यक समुदाय की भी है। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने अल्पसंख्यकों की रक्षा करें, यह हमारे मजहब का भी हिस्सा है।' यहीं पर आगे वे क्षमा भी मांगते हैं - 'मैं अपने अल्पसंख्यक भाइयों से क्षमा चाहता हूँ। हम अराजकता के दौर से गुजर रहे हैं। मैं पूरे समाज से आग्रह करता हूँ कि आप उनकी रक्षा करें।'

उन्होंने आगे हिंदुओं के धार्मिक उत्सवों या पर्व - त्योहारों के समय पूरी सुरक्षा का आश्वासन भी दिया है। देखना होगा कि वाकई अंतरिम सरकार किस सीमा तक अपने इस वचन का पालन करती है, क्योंकि बांग्लादेश का आंतरिक ढांचा काफी हद तक कट्टरपंथियों के प्रभाव में रहा है जिसे शेख हसीना भी पूरी तरह खत्म नहीं कर पाईं। किंतु हिंदू, सिख ,बौद्ध , जैन इसी तरह सतत अपने अंदर संघर्ष के लिए खड़ा होने का चरित्र विकसित कर लें जो अभी दिखाई दिया है तो परिवर्तन अवश्य होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विमुक्ति जाति दिवस
अखिलेश आर्येन्दु



# शोषित, लाचार समुदायों की हालत सुधारने की चुनौती

इतिहास बताता है कि ब्रिटिश शासन ने भारत में रहने वाले लाखों खानाबदोश और यायावर की जिंदगी गुजारने वाले समुदायों को जन्मजात अपराधी उसी तरह से घोषित कर दिया था जैसे जन्म के आधार पर समाज में बनाई गई ऊंच-नीच और छुआछूत तय करने की व्यवस्था। प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजों ने अपने शासन को अधिक सुरक्षित और मजबूत करने के लिए तमाम तरह की बंदिशें, अधिनियम, कानून और नीतियां बनाईं। इन नीतियों में उन समुदायों और समूहों के प्रति अधिक कठोर कानून बनाए गए जो प्रथम स्वाधीनता संग्राम में हिस्सा लिए थे। इसी के तहत 1871 में अंग्रेजों ने तकरीबन 200 घुमन्तू समुदायों पर जन्मजात अपराधी होने का कानून बनाकर इन्हें अपराधी घोषित कर दिया था और इन्हें वंशानुगत अपराधी घोषित करने के लिए आपराधिक जनजाति अधिनियम (सीटीए) लागू किया गया था। इस कानून के तहत, इन समुदायों के लोगों को कहीं भी आने-जाने की आजादी नहीं थी और उन्हें थानों में रोजाना हाजिरी लगानी पड़ती थी। 180 साल तक यातनाओं और बर्बरताओं को सहते हुए भारत के इन सबसे शोषित, प्रताड़ित और अन्याय सहने वाले इन समुदायों को जिस तरह से यातनाएं पड़ीं, दुनिया के इतिहास में शायद और उदाहरण न मिले। इतिहास का सबसे बर्बर और हैवानियत की हदें पार करने वाला वह दौर था। इस बर्बर कानून को आजादी मिलने के बाद 31 अगस्त 1952 को हटा दिया गया और 200 समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े वर्गों में शामिल कर आरक्षण की व्यवस्था की गई। रेनके आयोग 2008 के मुताबिक 1,500 खानाबदोश समुदायों में से 191 समुहों को इस कानून के जरिए आपराधिक जनजाति के रूप में चिन्हित किया गया था।

आपराधिक कानून के दो हिस्से बनाए गए। पहले हिस्से के मुताबिक विभिन्न खानाबदोश जनजातियों और समुदायों को अपराधी मानना व घोषित करना था और दूसरे हिस्से में भारतीय ट्रांसजेंडर समुदाय के विनाश की वकालत करना, जिन्हें हिजड़ा कहा गया। दुनिया की तमाम संस्कृतियों और सभ्यताओं में किसी समुदाय विशेष के प्रति इस तरह की बर्बरता का यह कानून किसी राजसत्ता ने पहली बार बनाया था। इसलिए उस दौर को याद करने की वजह यह भी है कि हम अपने उस इतिहास को याद रखें जो गुलामी के दिनों का सबसे बर्बरत, काला और विकृत पन्ना है। रूह कंपा देने वाली ब्रिटिश पुलिसिया जुल्म की कहानियां आज भी भारतीय समाज की दीनता, शोषण और जुल्म का बयान ही नहीं करतीं बल्कि विदेशी सत्ता की बेहद अमानवीय नीतियों और काले कानूनों को भी बताती हैं। भारत के संविधान में दर्ज ऐसे तमाम कानूनों को आजादी के बाद बदला या संशोधित किया जा चुका है, जो भारतीय समाज, संस्कृति और सभ्यता के माफिक नहीं थे या बेहद स्वार्थपरक और अमानवीय थे। ऐसा ही एक कानून जो 1871 में बनाया गया था जिसका नाम आपराधिक जनजाति अधिनियम था।

इस अधिनियम के जरिए भारत के करोड़ों पिछड़े, दलित, शोषित और उपेक्षित लोगों के साथ जानवरों से भी बदतर बर्ताव करने की छूट ब्रिटिश पुलिस और प्रशासन को दी गई थी। इस कानून की मदद से व्याभिचार, बलात्कार, जुल्म ढाने और जिसे चाहे गुलाम बनाना आम बात थी। दरअसल, ब्रिटिश राजसत्ता भारतीयों को सबसे निचले दर्जे का इंसान मानती थी। हालांकि हर स्थापित समाज की यह प्रवृति होती है कि वह खानाबदोशों, घुमक्कड़ों, यायावरों और आवारा किस्म के लोगों को संदेह के नजरिए से देखती है। खानाबदोश जनजातियों पर लगा अपराध का कलंक भारतीय जन्मगत जाति व्यवस्था जितना ही पुराना है। भारत में जाति व्यवस्था के जरिए ही तमाम तरह की जटिलाएं, भेदभाव, छुआछूत, अनाचार, सामाजिक गुलामी और दूसरे तरह के अंधविश्वासों, कुप्रवृतियों और विषमताओं को बढ़ावा मिलता रहा है। आजादी के सतहत्तर साल गुजर जाने के बाद भी जाति व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए तमाम राजनैतिक दल लगे रहते हैं। इसलिए समाज में एकता और सहिष्णुता का सबेरा कभी होता ही नहीं। समाज के सबसे पिछड़े और अशिक्षित समुदायों को आज भी धर्म, मजहब तो कभी भगवान (अवतार) के नाम पर ठगा और बहकाने का कार्य किया जाता है। आजादी के बाद देश के पहले गृहमंत्री सरदार पटेल ने यदि सभी अति पिछड़े, उपेक्षित और शोषित समाज के लिए अधिकार न दिलाए होते तो शायद आज भी ये समुदाय कहीं अधियारें में जानवरों की तरह भटक रहे होते।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व सामाजिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

## यात्रा में नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित
प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बेटियों के हित में है हिमाचल का फैसला**

देश में हिमाचल प्रदेश ऐसा पहला राज्य बन गया, जहां अब शादी के लिए बेटियों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष हो गई। इसके लिए हिमाचल विधानसभा में बिल पारित हो गया और उम्मीद है कि राज्यपाल भी इस पर सहमति जता देंगे। हिमाचल सरकार ने बेटियों को भी उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने और लैंगिक समानता के उद्देश्य से यह फैसला लिया। हिमाचल सरकार का यह बहुत अच्छा विचार-विमर्श है कि उसने प्रदेश में ऐसा कानून लाने की सोची, जिसमें यह प्रावधान हो जाएगा कि प्रदेश में लड़कियों की शादी की उम्र भी लड़कों की तर्ज पर कानूनी तौर पर न्यूनतम 21 साल ही हो जाए। - **पारस जैन**, दुर्ग

## ट्रेंड

### मेरे आराध्य देव



महाराष्ट्र की धरती पर आते ही आज मैंने सबसे पहले मेरे आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में सिर झुकाकर क्षमा मांगी। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, उसके लिए मैं उनसे भी क्षमा मांगता हूं, जो छत्रपति शिवाजी महाराज को पूजते हैं। -**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शीतल देवी को बधाई



शीतल देवी को पेरिस पैरालिंपिक्स में नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने दुनिया को ये दिखा दिया कि हौसला और जज्बा हो तो बाधाएं आपके हुनर की सीमा नहीं तय कर सकती। मेरी शुभकामना है, आप इसी प्रकार सफलता और रिकॉर्ड्स की नई ऊंचाइयां छूती रहें। -**राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### दिल जीत लिया



अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल को पेरिस पैरालंपिक में उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के लिए बहुत-बहुत बधाई। आपने सिर्फ पदक ही नहीं जीते हैं; आपने दिल जीत लिया है और एक पीढ़ी को प्रेरित किया है। -**अभिनव बिंद्रा, निशानेबाज**

### जुनूनी बनो



जीवन की सीख : भावुक बनो। आप जो करते हैं उसके प्रति इतने जुनूनी रहें कि समय भी आपको पकड़ने की कोशिश में बेदम हो जाए। -**शेखर कपूर, फिल्म निर्देशक**

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने जुकरबर्ग को दी जेल भेजने की धमकी



अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी एक नई पुस्तक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हेलसिंकी में 2018 में हुई शिखर वार्ता का बचाव करते हुए उसे 'एक बहुत अच्छी बैठक' करार दिया। ट्रंप ने तीन सितंबर को प्रकाशित होने वाली पुस्तक 'सेव अमेरिका' में फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग को धमकी दी है कि अगर वह 2020 में स्थानीय निर्वाचन कार्यालयों को 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर का दान देने जैसी कोई भी हरकत इस बार के चुनावों में करते हैं तो वह उन्हें जेल में डाल देंगे। पुस्तक में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप के प्रचार अभियान और राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल से संबंधित चित्रों और यादों को संग्रहीत किया गया है। इस पुस्तक में ट्रंप ने पुतिन के साथ हुई बैठक का बचाव किया। ट्रंप और पुतिन के बीच हुई इस बैठक की काफी आलोचना की गई थी। पुस्तक में ट्रंप ने शिखर वार्ता के बाद हुए सम्मेलन की एक तस्वीर के नीचे लिखा, /"यह एक बहुत ही जटिल दिन था।...रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ मेरी बहुत अच्छी बैठक हुई, जिसकी सभी ने सराहना की। इसके बाद 'फर्जी समाचार संस्थानों' ने 'फर्जी खबरें' फैलानी शुरू कर दीं।''

## ऑफ बीट

# प्राचीन काल की हस्तियों के चेहरों का निर्माण कंप्यूटर से



जब हम प्राचीन काल के लोगों के जीवन के बारे में पढ़ते हैं, तो स्वाभाविक रूप से हम यह जानना चाहते हैं कि वे कैसे दिखते थे। लेकिन हम यह कैसे पता लगा सकते हैं? हाल के वर्षों में, यूनानी-रोमन साम्राज्य की प्रसिद्ध हस्तियों के चेहरों का कंप्यूटर की सहायता से पुनर्निर्माण करना लोकप्रिय हो गया है। उदाहरण के लिए, 2020 में, एक डिजिटल कलाकार रोमन सम्राटों की प्रतिमाओं पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का उपयोग करके उनके चेहरों की तस्वीर-यथार्थवादी तरीके से फिर से बनाने के लिए वायरल हुआ। चेहरों का पुनर्निर्माण कैसे किया जाता ? चेहरे के पुनर्निर्माण का सबसे सरल तरीका यूनानी या रोमन साम्राज्य के दौरान बनी आवक्ष मूर्तियों में यथार्थवादी दिखने वाली त्वचा, आंखें और बाल जोड़ना है। अन्य विधियां अधिक जटिल हो सकती हैं। यूनानी-रोमन जगत के किसी भी व्यक्ति के सबसे प्रसिद्ध चेहरे के पुनर्निर्माण में से एक हरमाइन ग्रैमाटिके का मामला था। हरमाइन एक शिक्षिका थी, जिसकी मृत्यु पहली शताब्दी ईस्वी की शुरुआत में मिस्र में हुई थी। हरमाइन का प्राचीन चित्र और कंकाल दोनों ही उसकी ममी के साथ बच गए। इसलिए, कंकाल के अवशेषों के आधार पर उसके चेहरे को फिर से बनाने के किसी भी प्रयास की तुलना उसके चित्र से की जा सकती है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।






# फॉर्म अस्थायी है, लेकिन क्लास स्थायी है : मुदस्सर

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों के बारे में कई बार अक्षय से भी सवाल किया जा चुका है। अब 'खेल खेल में' के डायरेक्टर ने अक्षय की फ्लॉप हो रही फिल्मों के बारे में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा है कि अक्षय कुमार जल्द ही अपना रास्ता ढूंढ लेंगे। 'मैं फिल्म जर्नी में इतना जूनियर हूं कि अक्षय कुमार जैसे बड़े व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं कर सकता। उनके पीछे 33 सालों का मनोरंजन है। वो हर रोज अपनी योग्यता और स्टारडम को साबित करने के लिए बाहर निकलते हैं। उनका दिमाग बहुत सोच समझकर काम करने वाला है। मुझे यकीन है वह कर रहे हैं। इसीलिए मैं कहता हूं कि फॉर्म अस्थायी है, लेकिन क्लास स्थायी है।'

लाइफ Style

# जूही चावला



## एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की सबसे अमीर महिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2024 की हुरुन इंडिया की अमीर लोगों की लिस्ट आ गई है। इस लिस्ट में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की पांच हस्तियों ने भी जगह बनाई है। ये चारों हस्तियां बॉलीवुड से हैं। इस लिस्ट में शाहरुख खान टॉप पर रहे हैं। दूसरे नंबर पर जूही चावला हैं। तीसरे पर ऋतिक रोशन, चौथे नंबर अमिताभ बच्चन और पांचवें पर करण जौहर ने जगह बनाई है। इस लिस्ट में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से एकमात्र महिला जूही चावला हैं।

दिलचस्प यह है कि इन दिनों वह फिल्मों में ज्यादा एक्टिव नहीं हैं, लेकिन शाहरुख खान के साथ आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स का मालिक बनना उनके लिए फायदे का सौदा रहा है। इस लिस्ट में जूही चावला और उनकी परिवार की नेट वर्थ चार हजार छह सौ करोड़ रुपए बताई गई है। इस लिस्ट में टॉप रहकर शाहरुख खान एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री रईस स्टार बन गए हैं।

इस फैक्ट पर हुरुन की रिपोर्ट ने अपनी मुहर भी लगा दी है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 में शाहरुख खान और उनके परिवार की नेट वर्थ सात हजार तीन सौ करोड़ रुपए बताई गई है। किंग खान की कमाई का बड़ा हिस्सा उनकी कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और कोलकाता नाइट राइडर्स से है। फिर 58 साल के शाहरुख खान ने बैक टू बैक तीन हिट फिल्में पठान, जवान और डंकी भी दी हैं। जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर लगभग दो हजार छह सौ करोड़ रुपए कमाए थे। हुरुन की लिस्ट में तीसरा नाम ऋतिक रोशन का है। ऋतिक रोशन की नेटवर्थ दो हजार करोड़ रुपये है। जिसकी वजह ऋतिक रोशन का फेमस फिटनेस ब्रांड एचआरएक्स है। ऋतिक रोशन की फिल्मों की बात करें तो 2024 में फाइटर रिलीज हुई थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर 337 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया. उनकी अगली फिल्म वॉर 2 है।

# 50 करोड़ रुपए का मांगा हर्जाना



**मुंबई।** अभिनेत्री रिमी सेन ने अपनी लग्जरी कार में खराबी निकलने पर कंपनी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। रिमी ने कंपनी पर लापरवाही और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इसके साथ-साथ उन्होंने 50 करोड़ रुपए का हर्जाना भी मांगा है। गरम मसाला, थैंक्यू, संकट सिटी, धूम, दे ताली, जॉनी गद्दार, क्योंकि, गोलमाल और हंगामा समेत कई फिल्मों में काम कर चुकीं रिमी सेन का कहना है कि कार में कमी आने और उसे ठीक करने के कंपनी के तरीके से वो मानसिक रूप से पीड़ित हुई हैं और यही वजह है कि उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। रिमी हर्जाने तौर पर 50 करोड़ तो मांग ही रही हैं। इसके अलावा कानूनी खर्चे के लिए भी 10 लाख रुपए की मांग की हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिमी सेन की लैंड रोवर में सनरूफ, साउंड सिस्टम और रियर-एंड कैमरा में कुछ खामियां थी।

# सप्ताह में तीन बार कर रही हैं उपवास



**मुंबई।** रुबीना दिलैक ने बताया कि अनियमित दिनचर्या, लगातार यात्रा और असंतुलित खान-पान जैसी चुनौतियों ने उनके लिए फिटनेस की यात्रा को ठीक से जारी रखना मुश्किल बना दिया। इसके बावजूद, वह अपनी दिनचर्या में इंटरमिटेंट फास्टिंग को शामिल करने में सफल रही हैं। टेलीविजन अभिनेत्री ने बताया कि वह लगातार सप्ताह में तीन बार उपवास कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं वापस लौटना चाहती हूं और मैं लगातार कोशिश कर रही हूं।' रुबीना दिलैक ने उपवास और योग का अभ्यास जारी रखने की अपने प्लान्स को साझा करते हुए एक स्वस्थ जीवन शैली के साथ, रुबीना ने दूसरों को भी अपने जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव अपनाने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद की। बता दें कि रुबीना दिलैक राजपाल यादव के साथ 'हम तुम मकतूब' नामक एक प्रोजेक्ट पर काम करने में व्यस्त हैं। अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद, वह एक माँ के रूप में अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में सफल रहती हैं।

# बैंक अकाउंट में थे 260 रुपए 'केबीसी' ने बना दिया लखपति



**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' सुर्खियों में छाया हुआ है। अब तक शो के इस सीजन में कई लोग लखपति बन चुके हैं, लेकिन बहुत जल्द शो को पहला करोड़पति मिल सकता है। इस बीच मेकर्स ने 'केबीसी 16' का एक प्रोमो शेयर किया है, जिसमें मध्य प्रदेश के बंटी वादिवा हॉट सीट पर बैठकर गेम खेलते हुए नजर आ रहे हैं। वह 'केबीसी 16' में 1 करोड़ रुपए के सवाल तक पहुंच चुके हैं। सोनी टीवी के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर 'केबीसी 16' का नया प्रोमो शेयर किया गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि हॉट सीट पर बंटी वादिवा नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, 'मुझे गर्व है कि मैं पहला आदिवासी हूं, जो हॉट सीट पर बैठा है। शो में आने से पहले मेरे बैंक अकाउंट में मात्र 260 रुपए थे, लेकिन अब मैं लखपति बन गया हूं।' 'कौन बनेगा करोड़पति 16' शो में बंटी 50 लाख रुपए की धनराशि जीत चुके हैं और अब वह करोड़पति बनने से सिर्फ एक कदम की दूरी पर हैं।

# मिर्जापुर 3 का बोनस एपिसोड देख निराश हुए दर्शक

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 के बोनस एपिसोड के एलान और उसमें मुन्ना भैया की वापसी की खबर कुछ इस अंदाज में दी गई कि दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्राइम वीडियो की इस सीरीज के तीसरे सीजन का बोनस एपिसोड रिलीज कर दिया गया है। लेकिन, इसे देखते ही फैंस की सारी खुशी हवा हो गई। यूजर्स प्राइम वीडियो और सीरीज के मेकर्स पर भड़क रहे हैं। दरअसल, बोनस एपिसोड में मुन्ना भैया यानी एक्टर



दिव्येंदु लौटे तो हैं, लेकिन उनका कोई किरदार नहीं है। रिलीज किया गया बोनस एपिसोड सीरीज के तीसरे सीजन के सारे एपिसोड के डिलीट सीन का मिश्रण है। मुन्ना भैया इसकी नैरेशन करते नजर आए हैं। फैंस जहां ये ख्वाब पाल बैठे थे कि मुन्ना भैया अपना भौकाल दिखाएंगे, सीरीज में नजर आएंगे, वहीं सारे ख्वाब अधूरे रह गए हैं। यूजर्स का मन ऐसा किरकिरा हुआ है कि अब उनका गुस्सा सोशल मीडिया पर फूट रहा है।

# दो सप्ताह से टस से मस नहीं हुई 'स्त्री 2'



**नई दिल्ली।** राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' इस वक्त काफी चर्चा में बनी हुई है। 15 अगस्त के रिलीज हुई फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बोलबाला है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी 'स्त्री 2' ने ओपनिंग डे पर बम्पर कमाई की थी। इसने कई हिट फिल्मों के रिकॉर्ड तक को ब्रेक कर दिया है। शुक्रवार को 'स्त्री 2' को रिलीज हुए आधा महीना यानी 16 हो गए हैं। 'स्त्री 2' ने ओपनिंग डे पर 51.8 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसके ओपनिंग डे कलेक्शन ने कई फिल्मों को कमाई के मामले में पीछे कर दिया। फिल्म के टोटल कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 435.66 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।

# अब ओटीटी पर धमाल मचाने आई 'बैड न्यूज'



**नई दिल्ली।** बैड न्यूज हाल ही में रिलीज हुई बॉलीवुड कॉमेडी ड्रामा है, जिसमें एनिमल फेम तृप्ति डिमरी, विक्की कौशल और एमी विर्क मुख्य भूमिकाओं में हैं। आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म फिर से सुर्खियां बटोर रही है। यह फिल्म 19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके बाद अब यह फिल्म ओटीटी पर धमाल मचाने आ गई है। सिनेमाघर में फिल्म देखने से चूके दर्शकों के लिए यह अच्छी खबर है कि अब ओटीटी पर इस फिल्म का लुक उठा सकते हैं। प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है कि बेड न्यूज अब हिंदी में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। हालांकि, इसमें एक पेंच है। यह फिल्म मुफ्त में ओटीटी पर उपलब्ध नहीं है, बल्कि दर्शकों को इसे देखने के लिए किराया चुकाना पड़ेगा। ओटीटी प्लेटफार्म पर बैड न्यूज को स्ट्रीम करने के लिए दर्शकों को यह फिल्म किराए पर लेनी होगी, जो लोग इसे सिनेमाघर में नहीं देख पाए हैं और अब ओटीटी पर देखना चाहते हैं, उन्हें 349 रुपए किराए पर देने होंगे।






## जैकेट के शेष

### अवनि ने जीता स्वर्ण ....
लगातार दूसरी बबार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। मनीष नरवाल ने टोक्यो पैरालंपिक गेम्स में भी शानदार प्रदर्शन किया था। तब उन्होंने पी4 मिक्स्ड 50 मीटर पिस्टल एसएच-1 इवेंट में स्वर्ण हासिल किया था।

### सीएम साय ने ....
वह पहली भारतीय महिला पैरा एथलीट बन गई हैं। प्रीति की इस उपलब्धि से समस्त भारतवासी गौरवान्वित हैं। छत्तीसगढ़वासियों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### 9 दिनों तक गोंडवाना ....
सितम्बर, को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन– रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस को बिलासपुर में ही समाप्त होगी एवं यह गाड़ी बिलासपुर एवं रायगढ़ के बीच रद्द रहेगी। 12, 13, 14, 16, 18, 19, 20, 21 एवं 23 सितम्बर को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ के स्थान यह बिलासपुर से निज़ामुद्दीन के लिए रवाना होगी एवं यह गाड़ी बिलासपुर एवं रायगढ़ के बीच रद्द रहेगी।

### परिवर्तित ट्रेनें....
**रायपुर-टिटलागढ़-झारसुगुडा होकर चलेगी।**
- 10 से 22 सितम्बर, तक हावड़ा से चलने वाली 12130 हावड़ा–पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुडा- टिटलागढ़-रायपुर होकर चलेगी।
- 10 से 22 सितम्बर, तक पुणे से चलने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर-टिटलागढ़-झारसुगुडा होकर चलेगी।
- 09, 12, 16 एवं 19 सितम्बर, को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर–एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुडा- टिटलागढ़-रायपुर होकर चलेगी।
- 11, 14, 18 एवं 21 सितम्बर, को एलटीटी से चलने वाली 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर-टिटलागढ़-झारसुगुडा होकर चलेगी।

### मोदी ने कहा- मैं ....
संस्कार को अब जान गई है। उन्होंने कहा, जैसे ही मैं यहां उतरा, मैंने सबसे पहले शिवाजी से प्रतिमा गिरने की घटना के लिए माफी मांगी। मैं उन लोगों से भी माफी मांगता हूं जो इससे आहत हुए हैं। मोदी ने पिछले साल दिसंबर में सिंधुदुर्ग जिले में नौसेना दिवस समारोह के दौरान प्रतिमा का अनावरण किया था। प्रतिमा का उद्देश्य समुद्री रक्षा के प्रति छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का सम्मान करना था। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों वाली नौसेना की अध्यक्षता में एक संयुक्त तकनीकी समिति सोमवार को मूर्ति गिरने के कारणों की जांच करेगी। मोदी ने कहा कि विकसित महाराष्ट्र, विकसित भारत के संकल्प का एक अनिवार्य हिस्सा है।

**देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह :** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने वधावन परियोजना के लिए 76,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। मोदी ने 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। मोदी ने कहा कि तटों की वजह से महाराष्ट्र का अंतरराष्ट्रीय व्यापार से सदियों पुराना संबंध है। उन्होंने कहा, प्रगति की दिशा में भारत की यात्रा में आज एक ऐतिहासिक दिन है।

### यह सौगात भी दी....
13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मशीनीकृत और मोटर चालित मछली पकड़ने वाले जहाजों पर चरणबद्ध तरीके से एक लाख ट्रांसपोंडर लगाए जाएंगे।

### पहली सूची जारी, नीट ....
सूची जारी की गई है, जिसमें पहला नाम कुणाल आजवानी है, जिसने नीट में राज्य में पहला स्थान पाया है। इसके लिए तीसरे, छठवें, सातवें, आठवें, नौवें और दसवें स्थान वालों को भी रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज की सीट आवंटित हुई है। टॉप टेन के शामिल तीन छात्रों को सूची में शामिल नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि उनका आवंटन ऑल इंडिया कोटे से एम्स अथवा किसी अन्य कालेज में हो गया होगा। पहली आवंटन सूची में 1967 लोगों को शामिल किया है, जिन्हें उनके प्राप्तांक के अनुसार शासकीय एवं निजी मेडिकल तथा डेंटल कालेज आवंटित कर निर्धारित तारीख तक एडमिशन लेने का निर्देश दिया गया है। सूची में 29 वें क्रम के बाद 30 वें स्थान में आने वाले छात्र को सिम्स (बिलासपुर मेडिकल कालेज) आवंटित हुआ और उसके बाद लगातार 61 वें क्रम तक के छात्र-छात्राओं के खाते में रायपुर मेडिकल कालेज आया है।

### स्वाइन फ्लू से ....
जांच पाजिटिव पाई गई है। सभी मरीज शहरी इलाके से है। इसमें से 3 मरीज चांटीडीह के एक ही घर से मिले हैं। इसमें से 3 का इलाज अपोलों में चल रहा है, वहीं बाकी मरीजों को सिम्स में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि एक माह के भीतर स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या 100 से अधिक हो चुकी है। वहीं अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अपोलो में भर्ती व सीपत एनटीपीसी निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग की मौत शुक्रवार को हो गई है, उन्हें 23 अगस्त को भर्ती कराया गया था। वर्तमान में 46 केस एक्टिव हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि मौसम के कारण स्वाइन फ्लू तेजी से फैल रहा है और लोगों के द्वारा जांच कराने में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में इसके बढ़ने के आसार हैं।

### डेंगू के दो ...
का इलाज अपोलो में किया जा रहा है वहीं दूसरे मरीज को श्री रमणी ट्रीटमेंट में भर्ती कराया गया है।

### जेल में बंद ....
विकास उपाध्याय तथा एक अन्य नेता पारस चोपड़ा को सचिव पद से हटाया गया है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता राजेश तिवारी एआईसीसी के सचिव तथा यूपी के प्रभारी सचिव थे, वे अपने पद पर बने रहेंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ज्वाइंट सेक्रेटरी विजय जांगिड़ अपने पद पर बने रहेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राज्यों के सचिवों की नियुक्ति की सूची जारी की है। इस सूची में अलग-अलग राज्यों के नव नियुक्त सचिवों के नाम शामिल है। सूची में शामिल भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव का नाम चौंकाने वाला है। दरअसल वे यहां बलौदाबाजार जिले में 10 जून को हुई हिंसा के मामले में जेल में बंद है। उनके खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। यह मामला सतनामी समाज के प्रर्दशन के दौरान भड़की हिंसा व आगजनी की घटना से संबंधित है। प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने बलौदाबाजार जिले में कलेक्टर एसपी दफ्तर को जला दिया था। इस प्रकरण में गिरफ्तारी व जेल में बंद होने के बाद भी नियुक्ति के सवाल पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस से जुड़े नेताओं का कहना है कि देवेंद्र यादव के खिलाफ भाजपा सरकार द्वारा बनाया गया प्रकरण पूरी तरह से राजनीतिक है। ऐसे में नियुक्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**चंदन यादव एमपी, सप्तगिरी झारखंड :** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के प्रभारी सचिव के रूप में कुछ वर्षों से काम कर रहे चंदन यादव को मप्र में प्रभारी सचिव बनाया गया है। इसी तरह एक अन्य सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का भी यहां सचिव थे, अब उन्हें झारखंड का सचिव बनाया गया है।

### विकास और चोपड़ा ....
एआईसीसी की नई सूची में स्थान नहीं मिला है। छत्तीसगढ़ के एक अन्य नेता पारस चोपड़ा भी सचिव के रूप में एआईसीसी में शामिल थे, लेकिन इस बार उन्हें सूची में जगह नहीं मिली है।

### माड़ मुठभेड़ में ....
कम्पनी नम्बर 5 की महिला माओवादी पर 8 लाख व एसीएम रेंक की दो नक्सलियों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए संयुक्त अभियान में नारायणपुर व कोण्डागांव जिले के एलिट फोर्सेस डीआरजी, एसटीएफ एवं बीएसएफ 135 वीं बटालियन का बल शामिल था। मौके से 303 रायफल, 315 राइफल, बीजीएल लांचर, भरमार बंदूक समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामान व अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी की सामग्री बरामद किया गया है। वहीं मुठभेड़ में बड़ी संख्या में अन्य नक्सलियों के मारे जाने अथवा घायल होने की संभावना है। आईजी ने कहा जल्द ही माड़ को भय व हिंसा से मुक्त कर दिया जाएगा और बस्तर के लोगों के नक्सल मुक्त बस्तर का सपना साकार होगा।

### 143 नक्सलियों का ....
दौरान अब तक कुल 143 नक्सलियों के शव बरामद किया जा चुका है, जबकि 596 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 599 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

### भाजपा में चंपई, चुनाव ....
झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें क्या भूमिका दी जाए। चंपई का भाजपा में आना झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, देखना यह है कि विधानसभा चुनाव में वे हेमंत सोरेन को सियासी नुकसान पहुंचा पाते हैं या नहीं।

### इधर, रामदास ....
और कई सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में रामदास सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में रामदास सोरेन को बधाई दी और झारखंड सरकार में मंत्री के तौर पर शपथ लेने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## चुनाव से पहले बोले उमर अब्दुल्ला

# 'हमारी हुकूमत आई तो हटा देंगे पीएसए कानून, जुल्म के अलावा कुछ नहीं देखा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'हम यह लड़ाई जम्मू-कश्मीर रियासत के साथ मिलकर लड़ रहे हैं और इसलिए हमने पिछले दिनों कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। हालांकि ये गठबंधन हमारे लिए आसान नहीं था। हमने बहुत मुश्किल समय देखा है। बिना किसी वजह नौजवानों को सताया गया, तंग किया गया और अंधाधुंध पीएसए का इस्तेमाल हुआ। हमने अपने हलफनामें में वादा किया है कि अगर हमारी हुकूमत आई तो हम जम्मू-कश्मीर से पीएसए का कानून हटा देंगे। सख्ती और जुल्म के अलावा पिछले 5-6 सालों में हमने कुछ नहीं देखा।'



बता दें कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर में तीन चरण में मतदान होगा। 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान होगा। 25 सितंबर को दूसरा फेज की वोटिंग होगी। एक अक्तूबर को तीसरा चरण का मतदान होगा। जबकि चार अक्तूबर को मतगणना होगी। जम्मू -कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच मैराथन बैठक के बाद 83 सीटों पर सहमति बनी। इसमें 51 सीटों पर नेकां और 32 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। पांच सीटों पर सहमति नहीं बनने के कारण यहां दोस्ताना मुकाबला होगा। जबकि एक सीट माकपा और एक सीट पैंथर्स पार्टी को दी गई है।

### भाजपा प्रत्याशी की उम्मीदवारी हो रद्द- चुनाव आयोग पहुंची नेकां

*जम्मू कश्मीर में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ही एक प्रत्याशी की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस(NC) ने चुनाव आयोग के समक्ष एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कथित तौर पर सांप्रदायिक भाषण के लिए बीजेपी के डोडा ईस्ट उम्मीदवार गजय सिंह राणा को तत्काल अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। राणा द्वारा कथित तौर पर दिए गए सांप्रदायिक भाषण वाले 39 सेकंड का वीडियो क्लिप जम्मू-कश्मीर में वायरल है। वीडियो में राणा एक रैली में भाषण दे रहे थे जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि डोडा जिले में चपनारी, कामलारी, बरशल्ला या सरथल में हुए हमलों में हिंदू निशाने पर थे और मुस्लिम अपराधी थे।*

### जम्मू-कश्मीर को अपनी जागीर समझती है नेशनल कांफ्रेंस- उमर अब्दुल्ला पर भड़की महबूबा

*श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आरोप प्रत्यारोप का दौरा शुरू हो गया है। उमर अब्दुल्ला ने चुनाव में पीडीपी की भागीदारी पर कहा था कि हाल तक यह हराम था और अब वे इसे हलाल मानते हैं। इस पर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कड़ी टिप्पणी की है। शुक्रवार को श्रीनगर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा,*



*"मैं हैरान हूं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर को अपनी निजी जागीर के रूप में देखती है। उन्होंने ही जम्मू-कश्मीर में हलाल और हराम प्रणाली शुरू की है। उन्होंने कहा कि जब एनसी के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला मुख्य प्रशासनिक अधिकारी थे तब चुनाव हलाल था। जब उन्हें हटाया गया तो 22 साल तक चुनाव हराम थे। "चुनावों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का रुख पाखण्ड है। जब वे सत्ता में होते हैं तो चुनाव को हलाल मानते हैं लेकिन जब सत्ता में नहीं होते तो हराम मानते हैं।"*

### तरंग शक्ति 2024...




**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर में शुक्रवार को वायुसेना स्टेशन पर तरंग शक्ति 2024 का उद्घाटन हुआ। समारोह में ग्रुप फोटो के दौरान भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के जवान।

## पेज एक के शेष

### धुला दाग, शुद्ध नस्ल...
का नाम मानस तथा मानसी रखा गया है। उसी जोड़े की मेटिंग से शावक का जन्म हुआ है। मानसी द्वारा शावक के जन्म देने की बात को वन विभाग के अफसरों ने पूरी तरह से गोपनीय रखा, बावजूद इसके वनभैंसा द्वारा शावक के जन्म देने की बात लीक हो गई।

### रेप-मर्डर केस के...
पीएम मोदी को एक और चिट्ठी लिखी है। कोलकाता रेप-मर्डर केस को लेकर हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। सीबीआई की टीम फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस वारदात में आरोपी, गवाहों और अन्य लोगों समेत कुल 47 किरदार है। इस बीच, वायरल तस्वीर में कोलकाता की घटना के बाद क्राइम सीन पर 10-12 लोग दिखाई दे रहे हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के बाद क्राइम सीन पर पुलिस के अलावा भी लोग वहां गए। इससे सबूतों से छेड़छाड़ की गुंजाइश है। सीबीआई ने भी 20 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका जताई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने बताया कि ये तस्वीरें घटना के दिन यानी 9 अगस्त को सेमिनार हॉल के अंदर जांच पूरी होने के बाद की हैं। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, वायरल तस्वीर में दिख रहे लोगों को यहां जाने की अनुमति थी। क्राइम सीन से कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। फोटो 9 अगस्त को तब ली गई, जब पूछताछ पूरी हो चुकी थी।

**राज्यपाल ने दिल्ली में शाह से की मुलाकात :** रेप-मर्डर केस को लेकर विरोध-प्रदर्शन के बीच बंगाल के गवर्नर डॉ. सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। एक सप्ताह के भीतर आनंद बोस का यह दूसरा दिल्ली दौरा है।

### केवल हथियार की...
किया जाना चाहिए, और केवल संदेह या कमजोर सबूत दोषसिद्धि के लिए पर्याप्त नहीं हो सकती। इसके साथ हीं कोर्ट ने मोहम्मद यासीन, शेख गुफरान अहमद, मोहम्मद आसिफ अहमद और शेख समीर अहमद को 2017 में बबलू उर्फ इरफान की मौत से संबंधित हत्या और आपराधिक साजिश सहित सभी आरोपों से बरी कर दिया है। यह मामला 15 जून, 2017 का है, जब शिकायतकर्ता राजीव भोसले ने बताया कि उनके सहयोगी बबलू उर्फ इरफान की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी, जब वे एक पारिवारिक समारोह से लौट रहे थे। भोसले के अनुसार, रायपुर के सेजबहार के पास मोटरसाइकिल सवार चार नकाबपोश लोगों ने उनकी कार को रोका। बबलू द्वारा पहचाने गए "आसिफ" नामक व्यक्ति ने उसके सिर में गोली मार दी, जिससे अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। ट्रायल कोर्ट ने राजीव भोसले सहित चश्मदीदों की गवाही और आरोपी से बरामद हथियारों को अपराध से जोड़ने वाले फोरेंसिक साक्ष्य के आधार पर अपीलकर्ताओं को दोषी ठहराया। अपीलकर्ताओं को पहले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, रायपुर द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। इसके बाद हाईकोर्ट में अपील की गई थी। आरोपियों की ओर से कहा गया कि अभियोजन पक्ष उनकी पहचान और अपराध में उनकी संलिप्तता को निर्णायक रूप से स्थापित करने में विफल रहा। एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी, राजीव भोंसले की गवाही भी असंगतताएं थीं, जिसमें मुकदमे के दौरान अभियुक्तों की गलत पहचान शामिल थी।

### शिवरीनारायण के प्रभारी...
दुबे एवं मानस वाजपेयी के माध्यम से हाईकोर्ट में अपील की गई। कोर्ट ने कहा कि एक बार स्थानांनतरण आदेश का निष्पादन हो जाने के बाद उसे निरस्त नहीं किया जा सकता। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में स्टे जारी करते हुए राज्य शासन से जवाब मांगा है।

### हिमशिखर नए गृह ...
के पास था। अब उनसे यह प्रभार वापस लिया गया है, साथ ही उन्हें सचिव गृह एवं जेल विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। हिमशिखर गुप्ता को सचिव, गृह एवं जेल विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, चंदन कुमार को नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार, राजेंद्र कुमार कटारा को प्रबंध संचालक पाठ्यपुस्तक निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुलदीप शर्मा को रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं बनाया गया है।

### अगले हफ्ते छग लौटेंगे...
रोहित भी अगले हफ्ते लौट रहे हैं, मगर उनकी ज्वाइनिंग डेट की जानकारी अभी नहीं मिली है। रोहित सबसे ताकतवर पीएमओ में पोस्टेड थे तो रजत केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग याने डीओपीटी में। डीओपीटी पूरे देश की ब्यूरोक्रेसी का हिसाब-किताब रखता है।

### बेटी के जेवरात...
लड़की को शादी के दौरान उसके माता-पिता ने ही जेवरात दिए हों, लेकिन उससे वापस नहीं मांगा सकता। उस धन पर सिर्फ उस लड़की का ही अधिकार होता है। अदालत ने कहा कि यदि महिला का तलाक भी हो जाए तो भी उसके पिता स्त्रीधन को वापस नहीं मांग सकते। यह पी. वीरभद्र राव नाम के एक शख्स का है, जिन्होंने बेटी की शादी 1999 में की थी। इसके बाद उनकी बेटी और दामाद अमेरिका चले गए थे। शादी के 16 साल बाद बेटी ने तलाक का केस फाइल कर दिया था। यही नहीं अमेरिका की लुइस काउंटी सर्किट कोर्ट ने दोनों फरवरी 2016 में आपसी सहमति से तलाक को मंजूरी दे दी थी। एक समझौते के तहत पति और पत्नी के बीच घर, पैसों को लेकर भी बात हो गई थी। इसके बाद महिला ने 2018 में दूसरी शादी कर ली थी। तीन साल के बाद महिला के पिता ने उसके ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर करा दी थी। उन्होंने लड़की के जेवरों की मांग की थी। इस एफआईआर के खिलाफ बेटी की पहली ससुराल के लोग तेलंगाना हाई कोर्ट पहुंचे, लेकिन अर्जी खारिज हो गई।

# सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसेज की बढ़ी रफ्तार, आंकड़ा पहुंचा 82 हजार के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसेज का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दस साल में इमसें आठ गुना का इजाफा हुआ है। वहीं, सिर्फ दो बार बढ़ते केसेज पर लगाम लगाई गई है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसेज की संख्या 83 हजार के करीब है जो अब तक की सबसे ज्यादा है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 2009 में बढ़ाकर 26 से 31 कर दी गई थी।



लेकिन इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट में लंबित केसेज में कोई कमी नहीं आ रही है। 2013 में सुप्रीम कोर्ट में लंबित केसेज 50 हजार से बढ़कर 66 हजार तक पहुंच गए थे। हालांकि 2014 में यह घटकर 63 हजार तक आ गए थे। उस वक्त सीजेआई पी सतसिवम और आरएम लोढ़ा थे। बाद में सीजेआई एचएल दत्तू के कार्यकाल के दौरान 2015 में सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसेज की संख्या 59 हजार थी।

### पेंडिंग केसेज की संख्या 63 हजार
2016 में सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसेज की संख्या 63 हजार तक पहुंची। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस ठाकुर थे। बाद में जस्टिस जेएस खेखर के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसेज की संख्या घटकर 56 हजार तक आ गई थी। जस्टिस खेखर ने ही अदालतों में पेपरलेस वर्किंग का प्रस्ताव दिया था। 2018 में जस्टिस दीपक मिश्रा के सीजेआई रहते हुए पेंडिंग केसेज फिर से बढ़ने लगे थे और 57000 तक पहुंच गए थे।

### वर्चुअल तरीके से सुनवाई
जस्टिस एस बोबडे के कार्यकाल में कोरोना महामारी आई और मामलों की सुनवाई ठप पड़ गई। इसके बाद वर्चुअल तरीके से सुनवाई फिर शुरू हुई और केसेज की संख्या बढ़कर 65 हजार हो चुकी थी। 2021-22 में भी कोविड का असर रहा और सीजेआई एनवी रमन्ना के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग मामले बढ़ते रहे। साल 2021 में लंबित केसेज 70 हजार का आंकड़ा छू गए। वहीं, 2022 के अंत तक इनकी संख्या 79 हजार थी। यही वह समय था जब सीजेआई रमन्ना और यूयू ललित रिटायर हुए और डीवाई चंद्रचूड़ नए सीजेआई बने। बीते दो साल में चार हजार और पेंडिंग केसेज सामने आए और अब यह ऐसे कुल केस 83000 के करीब हैं। कुल पेंडिंग केसेज का एग्जैक्ट आंकड़ा 82,831 है। इसमें 27,604 केसेज एक साल से भी कम पुराने हैं।

# श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले कोलंबो की यात्रा पर भारत के एनएसए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका में 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से करीब तीन सप्ताह पहले भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल कोलंबो के दौरे पर रहे। जहां शुक्रवार को उन्होंने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में शिरकत की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि 30 अगस्त को समूह के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन से जुड़े सचिवालय की स्थापना के लिए सिद्धांत और समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।



- शुक्रवार को कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के लिए सचिवालय की स्थापना को लेकर सिद्धांत, एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

यहां बता दें कि यह सम्मेलन एक क्षेत्रीय पहल है। भारत, श्रीलंका और मालदीव के बीच एक त्रिपक्षीय प्रयास के तहत इसकी शुरुआत की गई थी। बाद में मॉरीशस और बांग्लादेश इसके सदस्य के रूप में और सेशेल्स पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हो गए। सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुखों की अगली बैठक इस साल के अंत तक भारत में आयोजित की जा सकती है। एनएसए डोभाल ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से भी मुलाकात की।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5618



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5617 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5629

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5628 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

MANGA_SENACHA, BANGALORE

# भूपेश ने कहा-डीपीएस में बच्ची से दुराचार मामले में होनी चाहिए पुलिस की भूमिका की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भिलाई के डीपीएस में मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार की घटना में एसपी की भूमिका की जांच होनी चाहिए। इस मामले में एसपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वर्तमान जज की देखरेख में मामले की जांच करवाई जाए। पास्को एक्ट में पहले एफआईआर होती है, लेकिन पुलिस ने बिना एफआईआर के स्कूल को ही क्लीन चिट दे दी। राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा कि भिलाई के डीपीएस में 5 जुलाई 2024 को एक अबोध बच्ची के साथ छेड़छाड़ की गंभीर घटना हुई। 5 जुलाई को बच्ची जब घर आई, तो उसकी परेशानी को देखते हुए उसी दिन भिलाई के ही वरिष्ठ बाल चिकित्सक के यहां बच्ची को ले जाया गया, जहां पर उन्होंने साफ लिखा, बच्ची के निजी अंगों में चोट है। इस मामले में बच्ची के पालक लगातार स्कूल को शिकायत करते रहे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पालकों ने स्कूल के सामने 2 अगस्त को प्रदर्शन किया, तब पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया।

■ बिना एफआईआर के कैसे क्लीनचिट दी जा सकती है, यह गंभीर सवाल

**एसपी के बयान पर उठाए सवाल :** श्री बघेल ने कहा, 3 अगस्त को दुर्ग के पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में बयान दिया, बच्ची के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। अखबारों में छपी खबर गलत और भ्रामक है। पुलिस अधीक्षक ने पालकों के वाट्सअप ग्रुप में न्यूज पोर्टल की खबर पर सवाल खड़ा करते हुए धमकाया कि न्यूज पोर्टल पर भी कार्रवाई हो सकती है। दुर्ग के पुलिस अधीक्षक के बच्चे भी उसी स्कूल में पढ़ते हैं। वे डीपीएस के पालकों का जो वाट्सअप ग्रुप है उसमें हैं, उस वाट्सअप ग्रुप में भी जब पालकों ने मामले पर आक्रोश जाहिर किया, तो स्वयं पुलिस अधीक्षक इस प्रकार की घटना होने से इनकार कर रहे हैं। यह मामला बहुत ही गंभीर है, पास्को एक्ट का मामला है। एक अबोध बच्ची के साथ दुराचार का मामला है। नियमानुसार पहले इस मामले में एफआईआर होनी थी, तब उसके बाद जांच की जानी थी। इस मामले में तो सीधे एसपी ने लापरवाही बरती है।

**बिना एफआईआर कैसे जांच :** पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने बिना एफआईआर के कैसे जांच करवा ली तथा घटना को गलत बता दिया। उन्होंने स्कूल कैंपस में पालकों से तथा मीडिया में घटना होने से इनकार किया। दो-दो चिकित्सकों की रिपोर्ट साफ बता रही है कि बच्ची के साथ गलत हुआ है फिर एसपी ने किस आधार पर यह कह दिया कि कुछ नहीं हुआ। पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा, इस मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

## बृजमोहन बोले- कांग्रेस को अपना समय याद करना चाहिए



कानून व्यवस्था पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल की पत्रकारवार्ता पर रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस को अपना समय याद करना चाहिए। कांग्रेस के समय रायपुर शहर चाकुपुर बन गया था। आदिवासियों, बच्चियों के साथ अनाचार हो रहा था। अधिकारियों के साथ मारपीट कर जमीन पर कब्जा हो रहा था। कांग्रेस के राज में कानून की स्थिति खराब रही है। आज लोग अपना जीवन शांतिपूर्ण ढंग से जी रहे हैं। चाहे किसी भी घोटाले में संलिप्त लोग हो वह अपने दबड़ों में छिप गए हैं।

## युवती से गैंगरेप करने वाले ब्वाय फ्रेंड सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

थानातंर्गत युवती से गैंगरेप करने वाले ब्वायफ्रेंड सहित पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने 20 दिन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के चंद घंटों के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 29/08/2024 को केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी पीड़िता ने लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 9 अगस्त को वह अपने नजदीकी रिश्तेदार के साथ घर से सिलाई मशीन लेने के लिए केशकाल गई थी। घर वापसी के समय अपने पुरुष मित्र को कॉल करके घर छोड़ने के लिए कहा। पुरुष मित्र के साथ उसके चार दोस्त भी थे। घर छोड़ते समय रास्ते के जंगल में मौका पाकर पुरुष मित्र एवं उसके दोस्तों ने पीड़िता के साथ बारी बारी से अनाचार किया। पीड़िता को उसके पुरुष मित्र काल करके धमकी दिया कि घटना की जानकारी किसी को बताई तो जान से मार देंगे इस भय से पीड़िता ने यह जानकारी किसी को नहीं बताई। बीते दिन पीड़िता ने हिम्मत करके घटना की जानकारी अपने परिजन को दी। उसके बाद सभी थाने पहुंचे। प्रार्थिया की रिपोर्ट के आधार पर तत्काल बीएनएस की धारा 70, 351 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चधिकारियों को अवगत करवा कर तत्काल विवेचना शुरू की गई।

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/मप्र./बैकु./राजस्व/24/451 दिनांक 29.08.2024

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कटगोड़ी शाफ्ट चरचा भूमिगत खदान के लिए निम्न कास्तकारी भूमि/मकान म.प्र. भू.रा. संहिता के अन्तर्गत अधिग्रहण किया गया है जिसके बदले में इनके परिवार के एक सदस्य को पुर्नवास नीति के प्रावधानो के तहत् नौकरी दिया जाना प्रस्तावित है। अगर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दावा आपत्ति उपक्षेत्रीय प्रबंधक चरचा (आर.ओ.) के कार्यालय में प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर तक प्रस्तुत कर सकते है।

| कास्तकार का नाम | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हे. में | नौकरी हेतु प्रस्तावित व्यक्ति | संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| चन्द्रप्रताप राजवाड़े आत्मज अमोल साय | कटगोड़ी | 1499/5 | 0.25 हे. | छेवव्रत राजवाड़े | पुत्र |

उप क्षेत्रीय प्रबंधक,
चरचा माईन (आर.ओ.),
एसईसीएल, बैकुण्ठपुर क्षेत्र

SECL/24-25/152

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-**Regarding waterproofing and drainage work of hostel Mainpat, Chitrakot, Malhar at NIT campus Raipur. Enquiry no.: No./NITRR/EE/EO/ETender/2024/0221 Raipur, Dated: 24-08-2024 (First call).** जो की ई-निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.in/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि **11/09/2024 18:00** बजे तक व निविदा खुलने की तिथि **13/09/2024 16:00** बजे।

फॉर्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.in/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

-सही-
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी., रायपुर

ASA

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India

No./NITRR/Registrar/2024/876 Date: 30.08.2024

### एन.आई.टी., रायपुर (छ.ग.) में ग्रंथालय प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

एन.आई.टी. रायपुर के केन्द्रीय पुस्तकालय हेतु 06 (छह) पुस्तकालय प्रशिक्षुओं की आवश्यकता है, जो पूर्ण रुप से अस्थाई आधार पर है एवं एक वर्ष की अवधि के लिए है। उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि होना अनिवार्य है। उम्मीदवार को कम्प्यूटर एवं ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर का ज्ञान होने पर प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। उम्मीदवार की आयु 30 वर्ष से ज्यादा न हो। रुचि रखने वाले उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आवेदन कर सकते है। आवदेन पत्र रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जी. ई. रोड़ रायपुर- 492010 (छ.ग.) के नाम से 23/09/2024 तक दिया जा सकता है। विस्तृत जानकारी एन.आई.टी. रायपुर के वेबपेज www.nitrr.ac.in में देखा जा सकता है।

रजिस्ट्रार

ASA

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

कं. / जन स्वा.वि./2024/644/151 भिलाई, दिनांक 30-08-2024

### ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना

**Main Protal: https://eproc.cgstate.gov.in**

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा स्कोप आफ वर्क के अन्तर्गत नाली, सड़क, बाजार, एवं तिपहिये रिक्शे/ई रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य के लिए पृथक-पृथक जोनवार, ग्रुपवार कार्य आधारित कार्य द्वितीय निविदा एवं अनुपचारित कचरे के निष्पादन कार्य व EIA, EMP And Environment Clearance कन्सलटेंसी हेतु आर.एफ.पी. आमंत्रण हेतु कार्य की प्रथम ई निविदा आमंत्रित की गई है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | Tender | Tender Relese | Tender Download, Bid Preparation & Payment | Physical Submission of Required Documents with EMD fee - | EMD Opening and Short Listing |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 158151 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 14/09/2024 (05:30PM) | 18/09/2024 (05:30PM) | From 19/09/2024 (10:30 AM) |
| 2 | 158159 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 14/09/2024 (05:30PM) | 18/09/2024 (05:30PM) | From 19/09/2024 (10:30 AM) |
| 3 | 158160 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 14/09/2024 (05:30PM) | 18/09/2024 (05:30PM) | From 19/09/2024 (10:30 AM) |
| 4 | 158164 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 14/09/2024 (05:30PM) | 18/09/2024 (05:30PM) | From 19/09/2024 (10:30 AM) |
| 5 | 158168 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 14/09/2024 (05:30PM) | 18/09/2024 (05:30PM) | From 19/09/2024 (10:30 AM) |
| 6 | 158170 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 14/09/2024 (05:30PM) | 18/09/2024 (05:30PM) | From 19/09/2024 (10:30 AM) |
| 7 | 158171 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 14/09/2024 (05:30PM) | 18/09/2024 (05:30PM) | From 19/09/2024 (10:30 AM) |
| 8 | 158177 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 14/09/2024 (05:30PM) | 18/09/2024 (05:30PM) | From 19/09/2024 (10:30 AM) |
| 9 | 158114 | 28/08/2024 (10:30 AM) to 28/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 19/09/2024 (05:30PM) | 23/09/2024 (05:30PM) | From 24/09/2024 (10:30 AM) |
| 10 | 158124 | 29/08/2024 (10:30 AM) to 29/08/2024 (05:30PM) | 29/08/2024 (10:30 AM) to 20/09/2024 (05:30PM) | 24/09/2024 (05:30PM) | From 25/09/2024 (10:30 AM) |

कार्यपालन अभियंता

## महिला सहित पांच नक्सलियों ने किया आत्म समर्पण

**कोंटा।** पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर एक महिला सहित पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने की उद्देश्य से नक्सली संगठन में सक्रिय महिला नक्सली महिला दुधी भीमे पति सोडी रमेश निवासी अरलमपल्ली, वेट्टी राजा पिता वेट्टी हिड़मा टेटेमड़गू आरपीसी मिलिशिया सदस्य निवासी कोमलपाड थाना किस्टाराम, वंजाम गंगा पिता मासा थाना किस्टाराम, दुधी पोज्जा उर्फ बोक्के उर्फ बैरा पिता भीमा थाना किस्टाराम एवं कवासी भीमा पिता हिड़मा थाना किस्टाराम ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा कृष्ण कुमार चंद्रा, सहायक कमाण्डेन्ट 188 वाहिनी सीआरपीएफ एवं आरक्षक एल. शेषागिरी 208 कोबरा वाहिनी के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

उपरोक्त सभी सदस्य प्रतिबंधित नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों पर स्पाइक बम लगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध बेनर, नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाने आदि घटनाओं में शामिल रहे है।

## 4-4 किलो के तीन आईईडी बरामद

**बीजापुर।** सूरक्षा बल के जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी को बरामद कर बीडीएस टीम व डॉग स्क्वाड की मदद से निष्क्रिय कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ 168 ई कंपनी मोकुर की टीम शुक्रवार को एरिया डॉमिनेशन पर पेद्दागेलूर की ओर निकली थी। डी-माइनिंग के दौरान सीआरपीएफ व बीडीएस की टीम के द्वारा नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से 4- 4 किलो वजनी 3 आईईडी 10 -10 मीटर की दूरी पर प्लांट कर रखा था। जिसे बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वाड की मदद से आईईडी बरामद कर उसे सुरक्षित तरीके से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया।

## कार्यालय नगर पंचायत केशकाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
E-mail Id:- npkeshkal@gmail.com

क्रमांक/907/न.पं. / लो.नि.शाखा/2024-25 केशकाल, दिनाँक 29.08.2024

### // मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायरों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | निविदा प्रपत्र प्रदान करने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोनल कार्य :- नवीन कार्य, सी.सी. रोड/ भवन/ नाली/ पुलिया/ पाईप लाईन / मिनी गार्डन एवं मरम्मत व अन्य कार्य | 20.00 | 15000.00 | 750.00 | 06/09/2024 शाम 5.00 बजे तक |
| 2 | जल शाखा हेतु हैंडपंप, पाईप लाईन मरम्मत सामग्री एवं नल मरम्मत सामग्री | 20.00 | 60000.00 | 750.00 | |
| 3 | मोटर पंप एवं स्टार्टर क्रय एवं मरम्मत कार्य | 20.00 | 60000.00 | 750.00 | |
| 4 | विद्युत सामाग्री क्रय (अधिकृत विक्रेता या निर्माता) | 5.00 | 15000.00 | 750.00 | |
| 5 | स्वच्छता सामग्री प्रदाय | 10.00 | 30000.00 | 750.00 | |
| 6 | टेंट व्यवस्था | 5.00 | 15000.00 | 750.00 | |

**टीप :-** उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक 100.00 रू. आवेदन शुल्क आवेदन पत्र के साथ जमा करनी होगी। आवेदन के साथ सम्पूर्ण दस्तावेज लगाना अनिवार्य है। दस्तावेज के अभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.inसे भी डाउनलोड की जा सकती है। शासकीय अवकाश होनें पर दूसरे दिन कार्य की जावेगी।

(रोशन जमीर खान)
अध्यक्ष
नगर पंचायत केशकाल

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत केशकाल
जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)

## सूचना

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2025 के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल ( https://awards.gov.in) पर शुरू हो गई है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के योग्य हैं।

5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से अधिक की आयु का कोई भी बच्चा (संबंधित वर्ष की 31 जुलाई तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिए पात्र है।

किसी भी नागरिक से खुले नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफ़ारिशों, दोनों पर विचार किया जाएगा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.09.2024 है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) देखें।

**टी. सोगंजलियन / T.SONGZALIAN**
**अवर सचिव / Under Secretary**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**Ministry of Women & Child Development**
**भारत सरकार/Govt. of India**
**नई दिल्ली/New Delhi**

CBC 46101/11/0002/2425

## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (RCR) GUDHIYARI, RAIPUR PH.NO. 0771-2574703 & FAX NO.2593403

No. 10-01/Wk-II/Tender No. 06, 07 & 08/2003 Raipur, Date 27.08.2024

### NOTICE INVITING FOR e-TENDERING

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Contractors for the following works:

| Tender No/ Rfx No. | Name of work | Type of Contractor | Total value of tender (in Rs.) | Cost of Tender form(in Rs.) | Date of Submission / Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender No.06/2003 Date 27.08.2024 RFX No. 8100038969 | For Shifting of load of 132KV Sector-C S/Stn. To 220KV Borjhara S/Stn. to provide load relief to 132KV Sector-C under (O&M) Dn. CSPDCL, Urla. | Class-I/II | **31,77,568.00** | 5000/- (Including GST) | 19.09.2024 02:00 / 02:30 PM |
| Tender No.07/2003 Date 27.08.2024 RFX No. 8100038970 | For New feeder from under construction 132/33KV Metal Park Sub-Station i.e. 33KV Natraj Feeder under (O&M) Dn. CSPDL, Urla. | Class-I/II | **24,26,685.00** | 2000/- (Including GST) | 19.09.2024 02:00 / 02:30 PM |
| Tender No.08/2003 Date 27.08.2024 RFX No. 8100038971 | For external electrification of under developed area Kala Maidan Sitanagar Under Kabir Nagar Zone City Dn. (North), CSPDCL, Raipur. | Class-I/II/III | **22,35,264.00** | 2000/- (Including GST) | 19.09.2024 02:00 / 02:30 PM |

Details of Tenders, Technical Specification, Terms & Conditions pre-qualification requirement etc. are available on our website www.cspdcl.co.in and ebidding.cspcl.co.in. Tender documents can be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required tender fees shall be deposited trough demand draft drawn in favor of Sr. A.O.-I CSPDCL Raipur and shall be submitted in hard copy before due date and time, the scanned copy of the DD of Tender fees should be uploaded in the e-bidding portal. The notice for extension of due date of tender submission, opening /corrigendum/amendment, if any to the tender document will not be published in newspapers. It will only be displayed on CSPDCL's official website as mentioned above and office Notice Board.

EXECUTIVE DIRECTOR (RCR)
CSPDCL, RAIPUR

SAVE ELECTRICITY

## समाचार पत्र सूचना

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि महिला और बाल विकास मंत्रालय ने मध्यस्थता के महत्व को ध्यान में रखते हुए और बच्चे के सर्वोत्तम हित की रक्षा के लिए, बच्चों के मामलों को हल करने के लिए एक मध्यस्थता प्रकोष्ठ का गठन किया था जिन्हें पति या पत्नी में से किसी एक द्वारा एक दूसरे की अनुमति के बिना वैवाहिक कलह के कारण या अन्य देशों से भारत या इसके विपरीत घरेलू हिंसा के कारण ले जाया गया था।

2. इस संबंध में, आम जनता को यह भी सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण-। अनुभाग को शास्त्री भवन से प्रथम तल, जीवन तारा भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 में स्थानांतरित कर दिया गया है। "इसलिए, या तो पति या पत्नी या ऐसे बच्चे के वर्तमान संरक्षक, या बच्चे स्वयं अब INA को संबोधित एक आवेदन 'अनुभाग अधिकारी, बाल कल्याण-। अनुभाग, प्रथम तल, जीवन तारा भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 या निर्धारित आवेदन प्रारूप के अनुसार ई- मेल- ina.childcustody-wcd@nic.in के माध्यम से भेजें। अधिक जानकारी के लिए, कृपया महिला और बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट- https://wod.nic.in पर जाएं।

**सज्जनपाल/SAJJAN PAL**
**अनुभाग अधिकारी/Section Officer**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**Ministry of Women & Child Development**
**भारत सरकार Govt of India**
**नई दिल्ली/ New Delhi**

CBC 46101/11/0003/2425

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
रोजगार सूचना सं.: पी-एचक्यू/आरआरसी/761/2024-25

### सांकेतिक अधिसूचना
**सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत भर्ती**

**जारी करने की तिथि: 31.08.2024** **अंतिम तिथि: 30.09.2024 को 23.59 बजे**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वर्ष 2024-25 के लिये निम्नलिखित पदों में सांस्कृतिक कोटा के तहत ग्रुप सी केटेगरी में 2 (दो) पदों की भर्ती के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है जिसे पे लेवल-2, (7th सीपीसी) पर भर्ती किया जाना है:

**पदों / प्रभागों का विवरण:**

| क्र. सं. | प्रभाग (Discipline) | पदों की संख्या | आवश्यक सांस्कृतिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | नॉन-पर्क्यूशन इंस्ट्रूमेंट्स (कीबोर्ड/ गिटार को प्राथमिकता दी जाएगी) | 01 | सरकारी/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थानों से हारमोनियम, कीबोर्ड, सितार, गिटार, बांसुरी, वायलिन, सरोद, संतूर, सारंगी संबंधित प्रभागों में डिग्री/ डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र धारक। |
| 02 | पर्क्यूशन इंस्ट्रूमेंट्स (ऑक्टोपैड/ हैंटसोनिक को प्राथमिकता दी जाएगी) | 01 | सरकारी/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थानों से तबला,ढोलक, नाल, पखावज ऑक्टोपैड, हैंड-सोनिक, ध्वनिक (एकोस्टिक) ड्रम आदि संबंधित प्रभागों में डिग्री/डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र धारक। |

पूर्ण विवरण के लिये कृपया रोजगार समाचार 31.08.2024 से 06.09.2024 का अंक देखे व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट www.secr.indianrailways.gov.in पर लॉग ऑन करें।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ

सीपीआर/10/197

South East Central Railway @secrail

## साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
मिनी रत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया की अनुषंगी कम्पनी)

क्रमांकः एसईसीएल/गप्र/गेवरा क्षेत्र/भू-राजस्व/2024/902 दिनांकः 19.08.2024

### आम सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि गेवरा परियोजना गेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोसमंदा के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

| क्र. | ग्राम का नाम | राज्य शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाणित पत्रक V/VI में खातेदार का नाम | नामांकन के अनुसार खातेदार का नाम | खसरा नं. (एमपीएलआरसी के तहत) पत्रक अनुसार | रकबा भुगतान व्हाउचर अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित व्यक्ति का नाम | खातेदार से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोसमंदा | हीरासिंह पिता चरन सिंह<br>बी-1 वर्ष 1985-86 एवं पी-2 वर्ष 1984-85 से 1988-89 एवं नामांतरण पंजी में नाम हीरासिंह पिता चरनसिंह<br>आधार कार्ड में नाम - हीरासिंह कंवर पिता चरनसिंह कंवर | हीरासिंह पिता चरनसिंह | 132/4 | 0.056 हे. 0.14 एकड | सुखसिंह पिता हीरासिंह<br>आधार कार्ड एवं स्कूल प्रमाण पत्र में नाम सुख सिंह कंवर पिता हीरा सिंह कंवर<br>वोटर आई, जाति एवं निवास प्र प्रमाण पत्र में नाम - सुख सिंह पिता-हीरासिंह | पुत्र |

(1) अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजी प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।
(2) प्रस्तुत रोजगार के प्रस्ताव में खातेदार एवं आश्रित उम्मीदवार के नाम/उपनाम भिन्न-भिन्न दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न दर्ज हैं. जो एक ही व्यक्ति का होना दर्शाया गया है, इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें।

महा प्रबंधक
एसईसीएल गेवरा क्षेत्र

## साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
मिनी रत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

एसईसीएल/भट/उ.क्षे./जग./रोजगार/2024/1077 दिनांक 19.08.2024

### सूचना

जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतू भू-अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार रोजगार देने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में ग्राम चउरा की भूस्वामी एवं उनके आश्रित द्वारा रोजगार हेतु प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों में उनके स्वंय/माता पिता/आश्रितों के नाम में अंतर है तथा दस्तावेजो जैसे बी 1, पंचशाला, ऋण पुस्तिका, योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पत्रक-5, पत्रक 6 में विभिन्न नाम दर्ज है। तत्सम्बंध में भूस्वामी एवं प्रस्तावित व्यक्ति द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है :-

**ग्राम - चउरा**

| क्र. | 9(1) के समय भू-स्वामी का नाम | भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम | खसरा न. | रकबा (हे.) | उम्मीदवार का वास्ताविक नाम प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार व्यक्तिगत के दस्तावेजो में नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 9 (1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम- लखमेन बेवा बिरना | लखमेन बेवा बिरना के फौत हो जाने के कारण वर्तमान नामांतरण पंजी के अनुसार वारिस का नाम निम्न है:-<br>राजस्व दस्तावेजों (बी-1) 2016-17 में नाम-**जयकरन पिता बीरबल**<br>नामांकन में नाम -जयकरण पोया आ0 **बीरबल पोया, माता सुखवारो**<br>वंशवृक्ष मे नाम-**जयकरण पोया**<br>ऋण पुस्तिका में नाम - **जयकरन आ0 बीरबल गोड़**<br>आधार कार्ड में नाम - **जयकरण पोया आ0 बीरबल पोया**<br>वोटर कार्ड में नाम-**जयकरण पोया आ0 बीरबल पोया**<br>राशन कार्ड में नाम-जयकरण<br>बैंक पासबुक में नाम JAIKARAN POYA S/O BIRBAL POYA | 702/34 | 0.546 | जयकरण पोया आ. बीरबल पोया, माता सुखवारो | नामांकन मे नाम-जयकरण पोया आ0 बीरबल पोया, माता सुखवारो<br>वंश वृक्ष में नाम-जयकरण पोया<br>आधार कार्ड मे नाम-जयकरण पोया आ. बीरबल पोया<br>वोटर कार्ड मे नाम - जयकरण पोया आ.बीरबल पोया<br>जाति प्रमाण पत्र में नाम-जयकरन आ. बीरबल निवास-प्रमाण पत्र में नाम-जयकरन आ. बीरबल<br>राशन कार्ड में नाम-जयकरण<br>रोजगार पंजीयन में नाम-JAIKARAN POYAS/O BIRBAL POYA<br>बैक पासबुक में नाम JAIKARAN POYA S/O BIRBAL POYA |

उपरोक्त दर्शाये गये भूमि खसरा नम्बर के सामने दर्शाये गये व्यक्तियो को रोजगार दिया जाना है। जिसमें यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति है. तो समाचार पत्र में प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर निम्न पते पर लिखित शिकायत दर्ज कर सूचित करें। पताः- उप क्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथ उपक्षेत्र एसईसीएल भटगांव क्षेत्र, धरमपुर, तहसील प्रतापपुर, जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

उपक्षेत्रीय प्रबंधक
जगन्नाथपुर उपक्षेत्र

# आसमान में गूंजेगी दुनियाभर के फाइटर जेट की गरज, ग्रीक के 4 लड़ाकू जेट भारत पहुंचे

## ‘तरंग शक्ति’ का दूसरा चरण आज से 14 सितंबर तक चलेगा

भारतीय वायुसेना के सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति का दूसरा चरण जोधपुर में शुरू हो गया है। इस अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर और यूएई के लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास ‘तरंग शक्ति’ के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत शुक्रवार से राजस्थान के जोधपुर में हो गई है। इसमें शामिल होने के लिए बांग्लादेश के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर और यूएई की वायु सेनाएं रेगिस्तानी इलाके में पहुंचीं हैं। यह पहला मौका है जब हेलेनिक वायु सेना भी इस अभ्यास में भाग लेने के लिए चार ग्रीक लड़ाकू जेट के साथ भाग लेने भारत आई है।



### अभ्यास में यूएस, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर और यूएई की वायु सेनाएं ले रही हिस्सा

*भारत का हेलेनिक सशस्त्र बलों के साथ इसी साल अप्रैल में सैन्य सहयोग पर समझौता होने के बाद इतिहास में पहली बार ग्रीक के चार लड़ाकू जेट ‘तरंग शक्ति’ अभ्यास में भाग लेने के लिए भारत पहुंचे हैं। वही अभ्यास सत्र में यूएस, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर और यूएई की वायु सेनाएं ले रही हैं हिस्सा, इससे पहले 2023 में ग्रीक में हुए बहुराष्ट्रीय अभ्यास ‘इनियोचोस’ में भारतीय सुखोई-30 ने भाग लिया था। अब हेलेनिक वायु सेना के चार लड़ाकू जेट एफ-16 भारत की मेजबानी में हो रहे हवाई अभ्यास में हिस्सा लेंगे, जिसमें हवाई युद्ध, रक्षात्मक और आक्रामक अभियान, जमीनी प्रतिष्ठानों और सतही लक्ष्यों पर हमला करना और विदेशी सेनाओं के साथ सहयोग शामिल है।*



**70-80 विमान रेगिस्तानी इलाके में पहुंचे**

तरंग शक्ति का दूसरा और अंतिम चरण 14 सितंबर तक राजस्थान के जोधपुर में होगा। अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाओं के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) विमान सहित 70-80 विमान रेगिस्तानी इलाके में पहुंचे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग लेगा। इस चरण में 18 देश पर्यवेक्षकों के रूप में शामिल होंगे। अभ्यास का पहला चरण 6-14 अगस्त तक दक्षिण भारत के सुलूर में हो चुका है, जिसमें जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन की वायु सेनाओं ने हिस्सा लिया था।

**ये देश अपने फाइटर जेट के साथ हुए शामिल**

- ऑस्ट्रेलिया – एफ-18
- ग्रीस- एफ-16
- यूएई - एफ 16
- अमेरिका- ए-10, एफ-16
- भारत- तेजस, रफाल, सुखोई-30, मिराज, जगुवार, मिग-29, प्रचंड हेलिकॉप्टर आदि।

## एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के लिए पाक ने भारत को दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इस वर्ष 15 और 16 अक्टूबर तक पाकिस्तान की अध्यक्षता में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के लिए भारत को पाकिस्तान से निमंत्रण मिला है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि पाकिस्तान की तरफ से एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए हमें निमंत्रण दिया गया है। लेकिन इसमें हमारी भागीदारी के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। इसलिए बाद में हम आपको इस बारे में कुछ बता पाएंगे। जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 से 5 सितंबर तक ब्रुनेई और सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे। तीन से चार सितंबर तक पीएम ब्रुनेई में रहेंगे।

**खास बातें**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पाक जाने पर फिलहाल संशय बरकरार
- 3 से 5 सितंबर तक ब्रुनेई और सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री

## मोदी-बाइडन की बातचीत में बांग्लादेश पर हुई बात, अमेरिकी बयान में जिक्र तक नहीं

**भारत ने दिया जवाब, दोनों नेताओं ने बातचीत में बांग्लादेश की स्थिति पर काफी चर्चा की थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बीते दिनों संपन्न हुई यूक्रेन की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो.बाइडन से फोन पर बातचीत की थी। इसमें यूक्रेन यात्रा के अनुभवों के अलावा बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया था। भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इन दोनों मुद्दों पर चर्चा किए जाने की पुष्टि की थी। लेकिन अमेरिकी बयान में बांग्लादेश का विषय नदारद रहा। जिसके बाद विवाद की स्थिति बनने लगी। लेकिन शुक्रवार को इस विषय पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में भारत की प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दो देशों के शीर्ष नेताओं की बातचीत के बाद जारी किया जाने वाला बयान संयुक्त बयान की तरह नहीं होता है। जहां हर शब्द एक-दूसरे से मिलता-जुलता हो और उसके लिए दोनों पक्ष सहमत हों। प्रेस विज्ञप्ति में बातचीत की हर बात नहीं होती है और दोनों पक्षों के लिए अपनी-अपनी विज्ञप्ति में अलग-अलग पहलुओं को शामिल किया जाना कोई असामान्य बात नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं दोनों नेताओं के बीच हुई इस वार्ता को जानता हूं। इसलिए आपको बता सकता हूं कि बातचीत में जो कुछ हुआ।



### सुरक्षा कारणों के चलते भारत में हसीना

जायसवाल ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत में ठहरने की अवधि से जुड़े प्रश्न को लेकर कहा कि जैसा कि हमने पहले बताया था कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सुरक्षा कारणों से बहुत कम समय अवधि की जानकारी में भारत पहुंची थी। इस मामले अभी हमारे पास कुछ और कहने के लिए नहीं है। उधर, बांग्लादेश में आई बाढ़ को लेकर मीडिया में जारी खबरों को लेकर उन्होंने कहा कि मीडिया (सीएनएन) में इस बाबत भारत के खिलाफ एक भ्रामक कहानी (नैरेटिव) गढ़ी जा रही है। जो तथ्यात्मक रूप से गलत है। इसे लेकर भारत ने कई बार बयान जारी कर स्थिति को स्पष्ट कर दिया है।

## 4 से 5 सितंबर तक लखनऊ में होगा पहला संयुक्त कमांडर सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सशस्त्र सेनाओं का पहला संयुक्त कमांडर सम्मेलन (जेसीसी) लखनऊ में 4 से 5 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सेना की केंद्रीय कमांड मुख्यालय का चयन किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान शिरकत करेंगे। इसकी थीम ‘सशक्त और सुरक्षित भारतः ट्रांसफॉर्मिंग द आर्म्ड फोर्सेज’ रखी गई है। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीएस जनरल चौहान चार सितंबर को करेंगे। इसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख अधिकारियों की एक साथ मौजूदगी रहेगी। सूत्रों ने बताया कि इस सम्मेलन के दौरान तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए गठित की जाने वाली ‘थियेटर कमांड’ का ब्लू प्रिंट जारी किया जा सकता है।

- क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

मंत्रालय के मुताबिक, दो दिवसीय चर्चा के दौरान सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी जटिल हालातों के प्रभावों का विश्लेषण करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### नए संसद भवन में जिन कलाकारों ने शिल्प दीर्घा बनाई उन्हें अब देखने की इजाजत तो मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व सांसद जया जेटली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर इस बात की मांग की है कि जिन दस्तकारी कलाकारों ने नये संसद भवन में ‘शिल्प गैलरी’ को स्थापित करने में अपनी महती भूमिका अदा की है उन्हें उनकी ही कलाकारी को अब देखने की इजाजत नहीं दी जा रही। दस्तकारी हाट समिति की 400 कलाकारों ने नये संसद भवन परिसर स्थित विभिन्न हस्त कलाकारियों से तब सजाया था जब नये भवन की साजसज्जा का काम चल रहा था।

- पूर्व सांसद जया जेटली की पाती ओम बिरला के नाम

### हूती विद्रोहियों ने तेल टैंकर पर लगाया बम

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो फुटेज जारी किया, जिसमें उनके लड़ाके यूनान के झंडे वाले एक तेल टैंकर में घुसकर उसमें विस्फोटक रखते दिखाई दे रहे हैं। इस टैंकर में हुए विस्फोटों से लाल सागर में बड़े पैमाने पर तेल रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। हूती विद्रोहियों के बार-बार हमला करने के बाद चालक दल के सदस्य पोत छोड़कर चले गए थे।

### पाक में भूस्खलन से एक ही परिवार के 12 सदस्यों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से एक घर ढह गया जिसमें नौ बच्चों सहित एक ही परिवार के कम से कम 12 सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अपर दीर जिले के मैदान इलाके में हुई। कानून प्रवर्तकों ने बताया कि सभी 12 शवों को मलबे से निकाल लिया गया है और उन्हें चिकित्सीय-कानूनी औपचारिकताओं के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- रायपुर में डोर टू डोर मार्केटिंग कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10,000 से 20,000 महीना, योग्यतानुसार संपर्क करें। पता कालीबाड़ी चौक, रायपुर मों. 8962274079.(RO-6469)

आवश्यकता है- रियलएस्टेट मार्केटिंग कार्य हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों के लिए सुनहरा मौका, प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी मनोज राजपूत लेआउट प्राइवेट लिमिटेड में अनुभवी मार्केटिंग प्रोफेशनल की आवश्यकता है चयनित उम्मीदवारों को सैलरी के साथ इंसेंटिव दिया जाएगा। संपर्क करें- 7247006609, 7247006610.(आरो नं - 6372)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- आटो पार्टस की पेकिंग हेतु मेहनती लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। पता-186, मॉडल टाउन शिवाजी चौक के पास, नेहरू नगर भिलाई फोन - 8770483120, 8103772795, वेतन 7000/- (आरो न.-572)

**गार्ड/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- TIRUPATI BALAJI FOODS, Tilda Neora Recruitment (Rice Mill) Security Guard/ Supervisor, Accountant, HR Executive, Production Dispatch/ Quality/ Store/ Maintenance Supervisor/ Truck/ Car Driver Contact- 9109994201, 8788197848.(RO-2962)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- अनुभवी और स्मार्ट सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है संपर्क करें:- KOOL BEB'S अग्रसेन चौक नेहरूनगर भिलाई । मो.- 9827490990.(आरो न.-569)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए आठवीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करेः- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124.(RO-398)

**इंचार्ज/ड्रायवर**

आवश्यकता है- स्कूल में ट्रांसपोर्ट इंचार्ज - 2 पद ड्राइवर जिनको ऑटो मोबाइल का अनुभव हो - 2 पद आया - 2 पद Mobile :- 8319023876.(RO-1749)

क्लासीफाईड

**हाउसकीपिंग/मैनेजर**

आवश्यकता है- होटल में कार्य हेतु हाउसकीपिंग महिला एवं पुरूष एवं मैनेजर, वेटर, सिक्योरिटीगार्ड, कम्प्युटर आपरेटर एवं चैनमशीन आपरेटर एवं रेत खदान में काम करने हेतु युवकों की आवश्यकता है। संपर्क पप्पू मिश्रा मो.79923-26611.(आरो न.-571)

**दुकान/गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- दुकान/गोडाऊन में कार्य हेतु युवक की शीघ्र आवश्यकता है.योग्यता-पांचवी पास वेतन- योग्यतानुसर। संपर्क-रायुपर कृषि केंन्द्र, 124, एस.के. प्लाजा, बॉम्बे मार्केट, रायपुर.(RO-1621)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**कुक**

आवश्यकता है- न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में शाकाहारी खाना बनाने महिला कुक की आवश्यकता है। काम का समय सुबह 10.30 से 1 और शाम को 5.30 से 7.30 तक, वेतन 6000/- संपर्क करें 8120289207, 9300201654.(RO-6468)

**कुरियर सर्विस**

आवश्यकता है- कुरियर सर्विस में कार्य करने हेतु लड़को/लड़कियों की आवश्यकता है। स्थायी एवं फील्ड कार्य दोनों उपलब्ध, उम्र 18-35 वर्ष । संपर्क करें (निःशुल्क) मो.-91093-10898, 73545-77811, 88784-55536.(आरो नं - 6371)

# मजबूत वैश्विक रुख से सेंसेक्स और निफ्टी पहुंचे नए शिखर पर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख और विदेशी कोषों की लिवाली के चलते शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। सूचकांक में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में खरीदारी से भी बाजार धारणा को बल मिला।

लगातार 9वें कारोबारी सत्र में तेजी के साथ, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 231.16 अंक चढ़कर 82,365.77 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 502.42 अंक या 0.61 प्रतिशत उछला। बीएसई पर कुल 2,228 शेयरों में तेजी आई, जबकि 1,701 में गिरावट आई और 116 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 83.95 अंक या 0.33 प्रतिशत बढ़कर 25,235.90 अंक के नये सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।




- बाजार में विदेशी निवेशक व संस्थानों की रही खरीदारी
- एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक व इंफोसिस में रही तेजी

### बजाज फाइनेंस में रही तेजी

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में उल्लेखनीय बढ़त हुई।

### टाटा मोटर्स में आई गिरावट

दूसरी ओर टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयरों में गिरावट आई। व्यापक बाजारों में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.75 प्रतिशत और मिडकैप 0.53 प्रतिशत चढ़ा।

# यूरोप में मुद्रास्फीति घटकर 2.2 प्रतिशत पर आई

एजेंसी ▸▸ फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)



यूरो का उपयोग करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के 20 देशों में मुद्रास्फीति अगस्त में तेजी से गिरकर 2.2 प्रतिशत पर आ गई है। इससे यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के लिए ब्याज दरों में कटौती का रास्ता खुल गया है। ईसीबी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व वृद्धि और नौकरियों को समर्थन देने के लिए कर्ज की लागत कम करने की तैयारी कर रहे हैं। अगस्त का आंकड़ा जुलाई के 2.6 प्रतिशत से कम है। अगस्त में ऊर्जा की कीमतों में तीन प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे समग्र आंकड़े कम करने में मदद मिली, जबकि यूरो क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी में मुद्रास्फीति घटकर दो प्रतिशत पर आ गई है। मासिक आंकड़ा अब ईसीबी के दो प्रतिशत के लक्ष्य के करीब है, जो अर्थव्यवस्था के लिए सबसे अच्छा माना जाने वाला स्तर है। यूरोपीय केंद्रीय बैंक को यूरोपीय संघ की स्थापना करने वाली संधि के तहत स्थिर कीमतें बनाए रखने का काम सौंपा गया है। यूरोपीय संघ के सभी 27 देश यूरो का उपयोग नहीं करते हैं।

### देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 7.02 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 681.68 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 4.54 अरब डॉलर बढ़कर 674.66 अरब डॉलर रहा था। इससे पहले समग्र मुद्रा भंडार का सर्वकालिक उच्चतम स्तर दो अगस्त को 674.91 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.98 अरब डॉलर बढ़कर 597.55 अरब डॉलर हो गईं।

# एरीज एग्रो के सहयोग से आईटीएम में ड्रोन अकादमी की शुरुआत

**रायपुर।** आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर ने एरीज एग्रो लिमिटेड के सहयोग से अपनी नई ड्रोन अकादमी की शुरुआत करने की घोषणा की है, जो छत्तीसगढ़ में ड्रोन प्रौद्योगिकी शिक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह ड्रोन उद्योग में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस अवसर पर एरीज एग्रो के प्रबंध निदेशक राहुल मिरचंदानी ने कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। एरीज एग्रो ने अकादमी को 150 से अधिक पायलट प्रशिक्षण कार्य प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। वहीं, एरीज एग्रो के सेंट्रल रिजन के वाइस प्रेसिडेंट डीके तिवारी और स्टेट हेड रवि मिश्रा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सर्वांगीण ड्रोन पेशेवर तैयार करना है।




### एक्सिस बैंक ने सभी शाखाओं में विश्व वरिष्ठ नागरिकता दिवस मनाया

**रायपुर।** एक्सिस बैंक, जो भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक है, 'विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस' के उपलक्ष्य पर, पूरे भारत में अपनी 5430 से अधिक शाखाओं में अपने वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर, एक्सिस बैंक ने उनके लिए उपलब्ध सबसे अच्छे निवेश विकल्पों जैसे कि म्यूचुअल फंड्स, सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान्स (सिप), टर्म डिपॉजिट्स (टीडीएस) और अन्य विशेष वित्तीय सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने कि पहल की। बैंक ने वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों को अपनी 'सिल्वर लाइनिंग प्रोग्राम' के बारे में बताया, जो विशेष रूप से बुजुर्गों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गई पेशकशों का एक व्यापक समूह है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्ट और प्रासंगिक लाभ प्रदान किए जाते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, अर्निका दीक्षित, प्रेसिडेंट और हेड – ब्रांच बैंकिंग ने कहा, "एक्सिस बैंक में, हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहकों की सेवा केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करने तक सीमित नहीं है। यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के प्रति हमारी गहरी सम्मान और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का एयूएम 3 लाख करोड़ के पार

**रायपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए का आँकड़ा पार कर लिया है। 31 जुलाई, 2024 तक कंपनी का एयूएम 3.14 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया। अनूप बागची, एमडी और सीईओ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, 'एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के तहत 3 लाख करोड़ रुपए की उपलब्धि हासिल करना हमारे लिए गर्व का विषय है।

यह हमारे उत्पादों के प्रति ग्राहकों की पसंद को दर्शाता है। साथ ही, उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के रूप में हम पर उनके भरोसे को भी उजागर करता है। हमने अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर हमारे एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में वृद्धि की है।' ग्राहक अपनी बचत को सुरक्षित रखने और अपने परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम पर भरोसा करते हैं।

## ग्रुप ने ग्लोबल ओएसवी ऑपरेटर एस्ट्रो ऑफशोर में खरीदी 80 फीसदी हिस्सेदारी

# गौतम अदाणी की झोली में गिरी एक और कंपनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हिंडनबर्ग रिसर्च के जिन्न से पीछा छूटने के बाद अदाणी ग्रुप ने एक बार फिर तेजी से अपना विस्तार करना शुरू कर दिया है। ग्रुप की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन ने एक और कंपनी को खरीद लिया है। ग्रुप ने आज बताया कि उसने ग्लोबल ओएसवी ऑपरेटर एस्ट्रो ऑफशोर में 80 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक डेफिनिटिव एग्रीमेंट किया है।

यह ऑल-कैश डील 185 मिलियन डॉलर में हुई है। एस्ट्रो एक ऑफशोर सप्लाई वेसल ऑपरेटर है जो खाड़ी देशों, भारत, पूर्वी एशिया और अफ्रीका में ऑपरेट करती है। कंपनी के पास 26 जहाजों का बेड़ा है जिसमें एंकर हैंडलिंग टग्स और मल्टीपर्पज सपोर्ट वेसल्स भी शामिल हैं। साथ ही यह वेसल मैनेजमेंट और उससे जुड़ी सेवाएं भी देती है।

## यह आल कैश डील 185 मिलियन डॉलर में हुई, कंपनी सप्लाई वेसल ऑपरेटर है

### फ्लीट में होंगे कुल 168 वेसल्स

अदाणी पोर्ट के सीईओ अश्वनी गुप्ता ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े मरीन ऑपरेटर्स बनना चाहते हैं और एस्ट्रो का अधिग्रहण इसी का हिस्सा है। एस्ट्रो के आने से हमारे बेड़े में इजाफा होगा। अभी हमारे पास 142 टग और ड्रेगर हैं। इस तरह हमारे फ्लीट में कुल 168 वेसल्स हो जाएंगे।



### कंपनी का रेवेन्यू 95 मिलियन डॉलर

30 अप्रैल साल के दौरान इस कंपनी का रेवेन्यू 95 मिलियन डॉलर और एबिटा 41 मिलियन डॉलर रहा। एस्ट्रो के ग्राहकों में एनएमडीसी, मैकडरमॉट, कूईस, लार्सन एंड टुब्रो और साईप्रेम शामिल हैं। साथ ही यह ऑफशोर कंस्ट्रक्शन एंड फैब्रिकेशन और ऑफशोर ट्रांसपोर्टेशन मार्केट में भी बड़ी कंपनी है।

### एक महीने में पूरी होगी डील

गुप्ता ने कहा कि एस्ट्रो के आने से अरेबियन गल्फ, भारतीय उपमहाद्वीप और सुदूर पूर्व एशिया में हमारी पोजीशन मजबूत होगी। एस्ट्रो ऑफशोर के एमडी मार्क हम्फ्रीज ने कहा कि पिछले 15 साल में कंपनी ने शानदार प्रोग्रेस की है। इस दौरान हमने अपने ओएसवी फ्लीट में निवेश किया और अपनी कस्टमर्स के साथ रिश्ते विकसित किए। अपसेज के साथ पार्टनरशिप हमारे लिए अहम है। दोनों कंपनियां मिलकर अपने बिजेनस को पूरी दुनिया में फैला सकती हैं। अदाणी पोर्ट्स ने कहा कि इस डील के लिए किसी तरह के रेगुलेटरी अपूवल की जरूरत नहीं है और इस ट्रांजैक्शन के एक महीने में पूरी होने की उम्मीद है।

### एथेनॉल निर्माताओं को मिली चावल बेचने की अनुमति



**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के भंडार से अनाज आधारित एथनॉल डिस्टिलरी को 23 लाख टन तक चावल बेचने की अनुमति दे दी। इसके साथ ही पिछले साल इस पर लगाई गई रोक हट गई।

एक निर्देश के अनुसार, खाद्य मंत्रालय ने एथनॉल उत्पादकों को खुली बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत ई-नीलामी में भाग लेने और अगस्त और अक्टूबर, 2024 के बीच चावल खरीदने की अनुमति दी है।

# 'वंडर गर्ल' अवनि ने जीता लगातार दूसरा स्वर्ण, मनीष को रजत, मोना-प्रीति ने जीते कांस्य

एजेंसी ▶▶ पेरिस

'वंडर गर्ल' अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं जिन्होंने टोक्यो के बाद पेरिस पैरालंपिक में भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत की ही मोना अग्रवाल को कांस्य पदक मिला। भारत के मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच 1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। अन्य एथलीट प्रीति पाल ने महिलाओं की टी35 वर्ग की 100 मीटर स्पर्धा में 14.21 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से कांस्य पदक जीता।

## अवनि का वर्ल्ड रिकॉर्ड

तीन साल पहले टोक्यो में स्वर्ण जीतने वाली 22 वर्ष की अवनि ने 249.7 का स्कोर करके अपना ही 249.6 का पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया। वहीं शॉटपुट, पावरलिफ्टिंग और व्हीलचेयर वॉलीबॉल के बाद दो साल पहले निशानेबाजी में पदार्पण करने वाली मोना ने 228.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। भारत के पैरालंपिक इतिहास में पहली बार दो निशानेबाजों ने एक ही स्पर्धा में पदक जीते हैं।

## पेरिस पैरालंपिक



### अवनि से एक और पदक की उम्मीद

क्वालीफिकेशन में गत चैंपियन अवनि ने 625.8 स्कोर किया और वह इरिना एस के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। दो बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मोना ने क्वालीफिकेशन में 623.1 स्कोर करके पांचवां स्थान हासिल किया था। अब अवनि 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में उतरेंगी जिसमें वह पदक की प्रबल दावेदार हैं। पिछली बार टोक्यो में इस स्पर्धा में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। अवनि ने कहा कि राष्ट्रीय शिविर में सकारात्मक माहौल से उन्हें फिटनेस चिंताओं से निजात मिली।

## नरवाल ने पिछले बार जीता था सोना

भारत के मनीष नरवाल ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच 1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। बाईस वर्ष के नरवाल ने टोक्यो पैरालंपिक में मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह कुछ समय तक आगे चल रहे थे लेकिन कुछ खराब शॉट के कारण वह दक्षिण कोरिया के जो जियोंगडु से पिछड़ गए। भारत के निशानेबाज शिवा नरवाल के बड़े भाई मनीष ने 234.9 स्कोर किया जबकि जियोंगडु ने 237.4 स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 565 स्कोर करके पांचवें स्थान पर रहे थे।



## राकेश तीरंदाजी के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

अनुभवी तीरंदाज राकेश कुमार ने पैरालंपिक में कंपाउंड पुरुष ओपन वर्ग में सेनेगल के अलीयू ड्रेम को 136-131 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त राकेश का सामना अब इंडोनेशिया के केन स्वागुमिलांग से होगा। एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता राकेश टोक्यो पैरालंपिक में क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। उन्होंने पहले सेट में एक बार परफेक्ट 10 स्कोर किया।

## प्रीति 14.21 सेकंड से रही तीसरे स्थान पर

भारत की प्रीति पाल ने महिलाओं की टी35 वर्ग की 100 मीटर स्पर्धा में 14.21 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से कांस्य पदक जीता। तेईस साल की प्रीति का कांस्य पदक पेरिस पैरालंपिक की पैरा एथलेटिक्स में भारत का पहला पदक है। चीन की झोऊ जिया (13.58) ने स्वर्ण और गुओ कियानकियान (13.74) ने रजत पदक जीता।

## सुहास और नितेश सेमीफाइनल में

*टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास यथिराज और नितेश कुमार ने बैडमिंटन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्रमशः पुरुष एकल एसएल4 और एसएल3 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास ने एसएल4 वर्ग में कोरिया के शिन क्यूंग ह्वान को दूसरे मैच में 26-24, 21-14 से शिकस्त देकर तीन खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष पर रहे। वहीं नितेश ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-5, 21-11 से हराया जिससे वह एसएल3 वर्ग के चार खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष दो में शामिल रहे।*

## पीएम मोदी ने दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने अवनि लेखरा को पैरालंपिक गेम्स में गोल्ड जीतने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने लिखा, 'भारत ने पैरालंपिक 2024 में पदकों का खाता खोला। अवनि लेखरा को 10मी एयर राइफल एसएच1 इवेंट में स्वर्ण जीतने के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने इतिहास भी रच दिया है क्योंकि वे 3 पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं। उनका समर्पण भारत को गौरवान्वित करता है।' पीएम ने मोना अग्रवाल, मनीष नरवाल और प्रीति पॉल को भी बधाई दी है।

## खबर संक्षेप



### पाक-बांग्लादेश के बीच टेस्ट का पहला दिन धुला

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गई थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे दिन का खेल रद्द कर दिया। भारी बारिश के कारण मैदान का आउटफील्ड जलमग्न है।

### गांधीनगर में नया तैराकी केंद्र शुरू करेगा साइ



**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण और ग्लेनमार्क एक्वाटिक फाउंडेशन ने शुक्रवार को गांधीनगर के प्रतिष्ठित नेताजी सुभाष वेस्टर्न सेंटर में तैराकी प्रशिक्षण के लिए अपना संयुक्त केंद्र खोलने की घोषणा की। दोनों संस्थानों ने इस संबंध में गुरुवार को दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। यह तैराकी केंद्र मुख्य रूप से छह से 14 वर्ष की आयु के बीच के तैराकों को तैयार करने पर ध्यान देगा तथा इस केंद्र में उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं और विशेषज्ञ कोचिंग प्रदान करेगा।

### आईआईएस ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के साथ किया समझौता



**नई दिल्ली।** इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट ने भारत में कुश्ती को विकसित करने के इस खेल की वैश्विक नियामक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन को पेरिस के एफिल टावर के पास एक नाव पर स्थित यूडब्ल्यूडब्ल्यू के आतिथ्य स्थल, रेसलिंग हाउस में औपचारिक रूप दिया गया। समझौते का उद्देश्य विभिन्न पारस्परिक रूप से लाभप्रद कार्यक्रमों, पहलों, परियोजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से भारत में कुश्ती के विकास के लिए एक सहयोगी ढांचा स्थापित करना है।

## यूएस ओपन : जैंडस्कल्प ने 6-1, 7-5, 6-4 से दी शिकस्त

# वर्ल्ड नंबर 3 अल्कारेज बाहर, 74वीं रैंकिंग के अनजान खिलाड़ी ने रौंदा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

यूएस ओपन 2024 में एक और बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। स्पेन के धाकड़ खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज यूएस ओपन 2024 से बाहर हो गए हैं। इससे पूर्व विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजसिकोवा यूएस ओपन के दूसरे राउंड में एलिना-गैब्रिएला रूजे से 6-4, 7-5 से हारकर बाहर हुई थीं। खास बात यह रही कि वर्ल्ड नंबर 3 को दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बोटिक वान डी जैंडस्कल्प ने दो घंटे 19 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले के बाद 6-1, 7-5, 6-4 से हरा दिया।

खास बात यह है कि इन दोनों ही खिलाड़ियों के बीच इससे पहले दो बार भिड़ंत हुई थी। जहां दोनों ही बार अल्कारेज को जीत मिली थी। लेकिन यहां अल्कारेज गच्चा खा गए और उन्हें हार मिली। नीदरलैंड्स के बोटिक वान डी जैंडस्कल्प ने इस जीत के साथ एक बड़ा इतिहास भी बनाया, जो 1991 के बाद पहले ऐसे डच खिलाड़ी बन गए। जिन्होंने यूएस ओपन में टॉप 3 खिलाड़ियों को हराया हो। कार्लोस अल्कारेज 2022 में यूएस ओपन का खिताब जीत चुके हैं। फ्रेंच ओपन और विंबलडन में खिताब जीतने वाले अल्कारोज का इस हार के साथ 15 मैचों के विजयी अभियान को जैंडस्कल्प ने रोक दिया।



### सिनर, स्वियाटेक की आसान जीत

*विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और इगा स्वियाटेक ने आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने जापान की क्वालीफायर एना शिबहारा को 6-0, 6-1 से हराया। यह मैच केवल 65 मिनट तक चला। सिनर ने पुरुष वर्ग के एकल मैच में एलेक्स मिशेलसन को एक घंटे, 39 मिनट में 6-4, 6-0, 6-2 से हराया। इटली के खिलाड़ी की इस सत्र में यह 50वीं जीत है। उनका अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ'कोनेल से होगा।*

### दो बार की चैंपियन ओसाका बाहर

*अमेरिकी ओपन में दो बार की चैंपियन ओसाका भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाईं। उन्होंने मैच के महत्वपूर्ण अवसरों पर फोरहैंड से गलतियां की और आखिर में उन्हें कैरोलिना मुचोवा ने 6-3, 7-6 (5) से हरा दिया। महिला वर्ग में इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने कारोलिना प्लिस्कोवा के पांव की चोट के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला, अन्ना कलिंस्काया, ल्यूडमिला सैमसोनोवा और डायना श्नाइडर भी तीसरे दौर में पहुंचने वाली खिलाड़ियों में शामिल हैं।*

### दूसरे दौर में पहुंचे बोपन्ना-एबडेन

*भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रॉबिन हास को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एबडेन ने गुरुवार रात को 64 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में 6-3, 7-5 से से जीत दर्ज की। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन दूसरे दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया की गैरवरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।*

## रोनाल्डो का नाम पुर्तगाल की शुरुआती टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶ लिस्बन

पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने यूरोपीय चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद नेशंस लीग के शुरुआती दो मैचों के लिए, दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो को अपनी शुरुआती टीम में शामिल किया है। मार्टिनेज ने पांच सितंबर को क्रोएशिया और आठ सितंबर को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने घरेलू मैचों के लिए शुक्रवार को टीम की घोषणा की। इस 39 साल के खिलाड़ी के नाम अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल में 130 गोल का रिकॉर्ड है। यूरो में क्वार्टर फाइनल में फ्रांस द्वारा पेनल्टी शूटआउट में बाहर होने से पहले वह पुर्तगाल के सभी पांच मैचों में गोल करने में विफल रहे थे। मार्टिनेज ने कहा कि यूरो 2024 के बाद उनकी टीम '2026 विश्व कप के लिए एक नया चक्र' शुरू कर रही है। उत्तरी अमेरिका में टूर्नामेंट शुरू होने के समय रोनाल्डो 41 वर्ष के हो जाएंगे। मार्टिनेज ने रोनाल्डो को शुरुआती टीम में शामिल किया है जबकि उनके पूर्ववर्ती फर्नांडो सैंटोस ने उन्हें 2022 विश्व कप के बीच में बेंच पर बिठाकर अपनी टीम और देश को चौंका दिया था।

## विश्व एथलेटिक्स

# 1.83 मीटर ऊंची कूद कूदकर पूजा ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶ लीमा

भारत की पूजा सिंह ने यहां चल रही विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में महिलाओं की ऊंची कूद के क्वालिफिकेशन दौर में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ नौवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हरियाणा के फतेहाबाद जिले की रहने वाले 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 1.83 मीटर की ऊंचाई पार करके गुरुवार देर रात क्वालीफिकेशन राउंड ग्रुप बी में दूसरा और कुल मिलाकर नौवां स्थान हासिल किया और 31 अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पूजा ने पिछले साल कोरिया में एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप में बनाए गए 1.82 मीटर के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। ग्रुप ए से नौ और ग्रुप बी से तीन एथलीटों ने फाइनल में जगह बनाई।

## न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ देंगी सोफी डिवाइन

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड की स्टार ऑल राउंडर सोफी डिवाइन अक्टूबर में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टी20 टीम की कप्तानी छोड़ देंगी। यह 34 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि न्यूजीलैंड की वनडे टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगी। डिवाइन ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से वह न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने अभी तक 135 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3268 रन बनाए हैं। उन्होंने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 56 मैच में टीम का नेतृत्व किया है। उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड ने 25 मैच जीते जबकि 28 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।



# भारत के धावक परवेज डोप जांच में फेल, अस्थायी रूप से निलंबित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मध्यम दूरी के शीर्ष धावक परवेज खान को डोप जांच में विफल पाये जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। हाल ही में अमेरिका में एनसीएए सर्किट में अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले 19 वर्षीय खान को अगर डोपिंग का दोषी पाया जाता है तो उन पर अधिकतम चार साल का प्रतिबंध लग सकता है।

घटनाक्रम से जुड़े एक शीर्ष सूत्र ने शुक्रवार को बताया, 'हां, उन्हें (परवेज खान को) डोप जांच में विफल होने के बाद नाडा द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।' राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने जो अस्थायी निलंबन लगाया है, उसके शुरू होने की तारीख की जानकारी नहीं मिली है। प्रतिबंधित पदार्थ किस तरह का है, इसकी भी पुष्टि नहीं की जा सकी है। यह लगभग निश्चित है कि उनका डोप नमूना पंचकुला में हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैम्पियनशिप (27 से 30 जून) के दौरान लिया गया था जिसमें वह जून 2023 में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में खेलने के बाद पहली बार किसी घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे थे।



## अनाहत और जेम्या में होगा खिताबी मुकाबला

**कोलकाता।** भारत की युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शुक्रवार को यहां ईरान की प्रतिद्वंद्वी फेरेश्तेह इघटेदारी को 3-0 (11-3, 11-4, 11-4) से हराकर एचसीएल स्क्वाश टूर के फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी अनाहत का सामना शनिवार को महिला एकल फाइनल में फिलीपींस की जेम्या अरीबादो से होगा। पुरुष एकल वर्ग में भारत के सूरज चंद ने रिटायर्ड हर्ट होने के कारण कुवैत के अम्मार अल्टामिमी को फाइनल में पहुंचा दिया। चंद उस समय 2-0 से आगे चल रहे थे।



## पेरिस पैरालंपिक : शरणार्थी टीम के लिए कांस्य जीतने वाली पहली खिलाड़ी

# शरणार्थी जाकिया ने पदक जीतकर रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶ पेरिस

अफगानिस्तान की जाकिया खुदादादी ने पेरिस पैरालंपिक में शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। जाकिया ने गुरुवार को ताइक्वांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता। पेरिस के ग्रांड पैलेस में मुकाबले के खत्म होने के बाद जाकिया खुशी से झूम उठीं और उन्होंने अपने हेलमेट को हवा में उछाल कर जश्न मनाया।

जाकिया इस जीत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय पल है, जब मुझे एहसास हुआ कि मैंने कांस्य पदक जीत लिया है तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा।

### पेरिस में बनीं शरणार्थी



टोक्यो खेलों के बाद वह पेरिस में बस गईं। जहां उन्हें पेरिस 2024 पैरालंपिक में शरणार्थी टीम के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिला। जाकिया ने कहा, 'यह पदक मेरे लिए सब कुछ है, मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगी। दर्शकों से मुझे मिले जबरदस्त समर्थन के कारण मैं जीत दर्ज करने में सफल रही।'

यहां तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा। यह पदक अफगानिस्तान की सभी महिलाओं और दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए है। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मेरे देश में शांति होगी।' जाकिया एक बांह के बिना पैदा हुई थीं।

उन्होंने 11 साल की उम्र में पश्चिमी अफगानिस्तान में अपने गृहनगर हेरात में एक गुप्त जिम में छुप कर ताइक्वांडो का अभ्यास करना शुरू किया था। देश में 2021 में तालिबान के उदय के बाद महिलाओं को खेलों में भाग लेने से रोक दिया गया था। वह किसी तरह अफगानिस्तान से निकलने में सफल रहीं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की याचिका के बाद उसे अपने देश के लिए टोक्यो ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई।

## टेनिस के दिग्गज आंद्रे अगासी आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी 'पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग' का उद्घाटन करने के लिए अगले साल जनवरी में भारत आने वाले हैं। इस टूर्नामेंट का मकसद भारत में पिकलबॉल को लोकप्रिय बनाना है। पीडब्लूआर ने हाल ही में एक नई रैंकिंग संरचना की शुरुआत की है और 'पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग' का आयोजन इसी के मुताबिक होगा। आठ बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अगासी ने भारतीय प्रशंसकों को एक वीडियो संदेश में कहा, 'मैं भारत का दौरा करने और पिकलबॉल के प्रशंसकों को रोमांचित करने के लिए उत्साहित हूं। मैं 'पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग' का इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि यह इस देश में एक बड़ी सफलता होगी।' अगासी ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार खिताब के साथ अमेरिकी ओपन को दो बार जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन को एक-एक बार जीता है। उन्होंने 1996 अटलांटा ओलंपिक में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक भी जीता था।



# विरासत

**छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा**

संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित खुमान लाल साव सही अर्थों में छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक दूत हैं, जिन्होंने अपनी विलक्षण संगीत साधना और पांच हजार मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ महतारी का यश चहुंओर फैलाया। साव ने छत्तीसगढ़ की समृद्धशाली लोक सांस्कृतिक परंपरा में रचे बसे गीतों और विलुप्त होती लोक धुनों को संवारा और आधुनिक कवियों की छत्तीसगढ़ी रचनाओं को स्वरबद्ध किया। साव ने इन गीतों को लोकप्रियता की दृष्टि से फिल्मी गीतों के समकक्ष खड़ा किया।

# छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक दूत खुमान साव


खुमान साव

## संस्कारधानी राजनांदगांव में 5 सितंबर 1929 को हुआ जन्म

खुमान साव जी का जन्म संस्कारधानी राजनांदगाँव जिले के ग्राम खुर्सीटिकुल में 5 सितंबर 1929 को हुआ था। उनके पिता का नाम टीकमनाथ साव और माता का नाम कमला था। बालक खुमान को परिवारिक माहौल में ही लोक संस्कृति से जुड़ने का मौका मिला। बालक खुमान घर पर ही हारमोनियम बजाने का अभ्यास करने लगा। कुछ समय बाद वे रामायण मंडली में हारमोनियम बजाने लगे। उनकी बड़ी मौसी के बेटे एवं नाचा के पुरोधा पुरुष मंदराजी दाऊ भी उन्हें हारमोनियम बजाने हेतु प्रोत्साहित करते थे। 1942 में संबलपुर ओडिशा के प्रसिद्ध संगीत निर्देशक पं. रामसुमरन मास्टर जी का गांव में आगमन हुआ। बालक खुमान को मास्टर जी का स्नेहिल सानिध्य मिला साथ ही लगातार 5 वर्षों तक सुर-संगीत की प्रायोगिक शिक्षा प्राप्त की।

## मंदराजी के सानिध्य में की शुरुआत

एक बार सीताकसा में दाऊ मंदराजी का नाचा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। खुमान भी वहां अपनी मां के साथ पहुंचे, तब उनकी मां ने मंदराजी से खुमान को उनके कार्यक्रमों में हारमोनियम बजाने का मौका देने की बात की, तो मंदराजी अपनी मौसी की बात मान गए और खुमान को अपने साथ बैठा लिया। तोरणकटा गांव के पंचराम ने गाना गाया और खुमान साव ने हारमोनियम बजाया, बस फिर क्या था खुमान पास हो गए। 1944 में 14 वर्ष की उम्र में साव मंदरा जी द्वारा संचालित रवेली नाचा पार्टी में हारमोनियम वादक कलाकार के रुप में शामिल हो गए। अब खुमान का संपर्क समर्थ संगीतज्ञों से होने लगा। जगेसर देवदास से सुर ताल, भवर सिंह देवांगन से शास्त्रीय संगीत की मात्राओं को भलीभांति समझने सीखने का पर्याप्त अवसर मिला।



## 'खुमान एंड पार्टी' आर्केस्ट्रा पार्टी का किया गठन

1948 में खुमान साव का विवाह खेमवती साव से हुआ और इसी वर्ष से उन्होंने लाखोली राजनांदगांव में रहकर संगीत साधना प्रारंभ की। इसी दौर में राजनांदगांव के प्रसिद्ध चित्रकार गायन वादन में ख्याति प्राप्त कलाकार ठाकुर हीरा सिंह और तबला वादक कवि रामरतन सारथी के साथ सीखने का अवसर उन्हें मिला। उन दिनों गुजराती समाज द्वारा होने वाले कार्यक्रमों से जहां खुमान साव को प्रेरणा मिली वहीं उनमें आत्मविश्वास भी जागा। इस कार्यक्रम से ही खुमान साव के मन में छत्तीसगढ़ में आर्केस्ट्रा पार्टी की परिकल्पना ने पहली बार पंख पसारे और उन्होंने खुमान एंड पार्टी के नाम से आर्केस्ट्रा पार्टी का गठन किया।



## संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

4 अक्टूबर 2016 को छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान के लिए प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2015 से सम्मानित किया गया है। महामहिम राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय समारोह में उन्हें सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दूसरे दिन साव ने मेघदूत थियेटर नई दिल्ली में अपनी 31 सदस्यीय टीम के साथ मात्र 55 मिनट की प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोकगीत, नृत्य एवं कर्णप्रिय संगीत की सरिता बहाकर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के बौद्धिक वर्ग को न केवल छत्तीसगढ़ी लोक संगीत की लोकप्रियता से परिचित कराया, बल्कि प्रभावी प्रस्तुति की धाक भी जमाई। वर्ष 2016 में ही सुरगी के मुख्य सांस्कृतिक मंच में 17 वां वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें 87 वर्षीय खुमान साव को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2015 के लिए चयन किए जाने पर नागरिक अभिनंदन किया।

### प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी रहे खुमान

दाऊ मंदरा जी उम्र के हिसाब से खुमान साव से काफी बड़े थे। दोनों मौसेरे भाई थे, खुमान साव का आकर्षक और प्रभावशाली व्यक्तित्व हम सब के सामने है। खुमान साव की माँ कमला ने जमींदारी और रियासत के वैभवपूर्ण माहौल से जो संस्कार अर्जित किया था शायद वही संस्कार होंगे, जो विरासत के रूप में इन्हें मिला है। शेष दोनों भाइयों का व्यक्तित्व भी इन्हीं के समान ही था। खुमान साव के मंझले भाई का नाम था, कामता प्रसाद साव, जिन्हें के. पी. साव सर के नाम से भी जाना जाता है। इनके बड़े भाई का नाम चन्द्रशेखर साव था। इनका चेहरा अशोक कुमार से मिलता था। इन्हें हिन्दी फिल्मों में काम करने का बड़ा शौक था। अपने इस शौक के चलते वे मुंबई पहुँच गए। लेकिन उनके स्वभाव में मालगुजारी का जो अक्खड़पन और स्वाभिमान के संस्कार थे, उसने उन्हें वहाँ टिकने नहीं दिया और असफल होकर वे लौट आए।

## 1970 में चंदैनी गोंदा में शामिल हुए साव

सन 1970 में उनकी मुलाकात लोक कला मर्मज्ञ बघेरा निवासी दाऊ रामचंद देखमुख से हुई जो छत्तीसगढ़ की प्रथम लोक सांस्कृतिक संस्था चंदैनी गोंदा के लिए योग्य कलाकारों की तलाश में थे। उन्हें एक ऐसे संगीत निर्देशक की तलाश थी, जो छत्तीसगढ़ी आंचलिक गीतों में नवप्राण फूंक सके। साव भी अपनी मौलिक संगीत रचना की प्रस्तुति के लिए बेचैन थे। देशमुख के आग्रह को स्वीकार कर वे चंदैनी गोंदा में संगीत निर्देशक के रूप में शामिल हुए। संगीतकार साव और गीतकार लक्ष्मण मस्तुरिया ने दिन-रात मेहनत कर चंदैनी गोंदा के रूप में देशमुख के सपने को साकार किया। 7 नवंबर 1970 से दुर्ग जिले के बघेरा से जारी चंदैनी गोंदा की यात्रा 45 वर्षों बाद भी जारी रही। साव चंदैनी गोंदा रूपी रथ के सारथी बने रहे।

### युगों-युगों तक याद किए जाएंगे खुमान साव

लोक संगीत के इस पुरोधा पुरुष ने 89 वर्ष की अवस्था में 9 जून 2019 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया। आज के समय में ग्राम ठेकवा स्थित उनका आवास लोक कलाकारों के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है। छत्तीसगढ़ी लोककला-लोकसंगीत में उनका योगदान युगों-युगों तक याद रखा जाएगा लोक कला के इस शिल्पी को शत-शत नमन है।

## कई संगीत समितियों की स्थापना की



1948 से 50 के बीच ये पार्टी छत्तीसगढ़ में धूम मचाने लगी। जब संगीत कलाकार बढ़ते गए तब उन्होंने 1952 में 'शारदा संगीत समिति' की स्थापना की जिसमें भी वो संगीत देने लगे। 1954 में जब वे म्युनिसिपल स्कूल राजनांदगांव में शिक्षक नियुक्त हो गए, तो वहां के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों को रिहर्सल करवाने के लिए खुमान साव को अक्सर बुलाया जाता था। यहां ये 'खुमान सर' के नाम से प्रसिद्ध हुए और सेवा निवृत्त होने तक कक्षा सातवीं 'अ' के कक्षा शिक्षक बने रहे। 1959 में उन्होंने 'सरस्वती संगीत समिति' का गठन किया और आर्केस्ट्रा पार्टी अनवरत चलती रही। अविभाजित मध्य प्रदेश में 14 नवंबर को प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय 'बालमेला' आयोजित होता था। इस समारोह में म्युनिसिपल स्कूल राजनांदगाँव ने लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इस इतिहास को रचने वाले खुमान साव ही हैं। उसके बाद उन्होंने अंतिम आर्केस्ट्रा पार्टी का संचालन किया जिसका नाम 'राज भारती संगीत समिति' था, जिसे बाद में उनके शिष्य नरेंद्र चौहान जी चलाने लगे। 1962 में प्रसिद्ध लोकसंगीतकार गिरजा सिन्हा और भैयालाल हेडाऊ के साथ मिल कर भी उन्होंने एक संगीत समिति का गठन किया जिसमें फिल्मी गीतों के साथ ही छत्तीसगढ़ी गीत भी प्रस्तुत किए जाने लगा। इस प्रकार से छत्तीसगढ़ में लोक संगीत के नागरी प्रस्तुति का बीजारोपण हुआ।

### उनके संगीतबद्ध गीत बने जन-जन का कंठहार

छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक गीतों के अलावा साव ने द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र, प्यारेलाल गुप्त, हरि ठाकुर, हेमनाथ यदु, पं. रविशंकर शुक्ल, लक्ष्मण मस्तुरिया, पवन दीवान और मुकुंद कौशल के गीतों को संगीतबद्ध कर उसे जन-जन का कंठहार बना दिया। सांस्कृतिक यात्रा के इसी पड़ाव में खुमान साव ने फीचर फिल्मों में भी संगीत निर्देशन किया जिनमें पुन्नी के चंदा, पिंजरा के मैना, मया के बंधना आदि चर्चित रहें।

### छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत को परिष्कृत किया



खुमान साव ने अपने संगीत के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत को परिष्कृत किया। उनके बाद दूसरा खुमान साव पैदा नहीं हो पाया, खुमान साव द्वारा बहाई गई सरिता में बहुत से लोगों ने गोता लगाकर अपनी पहचान बनाई, बहुत सारे संगीत और लोकमंच के संगठन बने। जो आज भी प्रासंगिक है।

-परदेसी राम वर्मा, साहित्यकार

### बिना नोटेशन के ही अनूप जलोटा से गीत गंवाया



मैं उन्हें अपनी फिल्म जय बम्लेश्वरी मइया के संगीत के लिए लेना चाहता था। इसमें एक भजन था, जिसे वे अनूप जलोटा से गंवाना चाहते थे। कोशिश करने पर वे मान भी गए। जब रिकार्डिंग शुरू हुई तो उन्होंने नोटेशन मांगा, वहीं खुमान साव ने उन्हें हारमोनियम में गाकर बताया। तो बिना नोटेशन के ही बड़ी आसानी से रिकार्डिंग पूरी हो गई।

-संतोष जैन, निर्देशक



खुमान साव ऐसे लोक कलाकार रहे जिन्होंने अपनी प्रतिभा से छत्तीसगढ़ के लोक संगीत को उत्कर्ष पर पहुंचा दिया। मुझे जब भी मौका मिला, मैंने उन्हें सुनने का अवसर नहीं खोया। यह मेरा सौभाग्य है कि संस्कारधानी नगरी रायगढ़ में सांसद के रूप में मैंने चक्रधर समारोह में बहुत से संगीतकारों को सुना। जब भी यहां देश के दिग्गज संगीतकारों से बात होती थी तो वे खुमान साव जी का जिक्र करते थे। उनसे जुड़ी हुई बहुत सी सुंदर स्मृतियां हैं। जब कभी दिल्ली में संगीत कार्यक्रम में जाना हुआ, तब भी देश के दिग्गज संगीतकारों ने उनका स्मरण किया और प्रशंसा की। मैंने इतने बड़े कद का लोक कलाकार नहीं देखा। उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवार्ड प्राप्त हुआ। यह हम सबके लिए बेहद खुशी का क्षण था। एक बात और कहना चाहूंगा वे जितने बड़े कलाकार थे उतने ही अच्छे इंसान भी थे। उन्होंने अपनी शिष्य परंपरा तैयार की आज लोक संगीत के जो माने हुए नाम छत्तीसगढ़ में है यह सब उनकी उन्हीं के स्कूल से निकले हैं।

-श्री विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री (छत्तीसगढ़ शासन)

### लोक संगीत के लिए आजीवन काम किया



खुमान जी ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के लिए आजीवन काम किया। 'चंदैनी गोंदा' के जरिए पूरी दुनिया को छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को समझने का मौका मिला। नई पीढ़ी को भी इसे समझने का मौका मिला। खुमान साव जी के योगदान को हम नहीं भूल सकते।

-अरुण साव, उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### खुमान साव ने लोकसंगीत को नया रूप दिया



खुमान साव हमारे लिए छत्तीसगढ़ के बहुत बड़े कलाकार थे, छत्तीसगढ़ के लोकगीत -संगीत में उनका बहुत बड़ा योगदान है। आज भी हर मंच पर उनका संगीत हमें सुनने को मिलता है। वे लोक कलाकारों के लिए शिल्पकार थे

-बृजमोहन अग्रवाल, सांसद, रायपुर

### सभी कलाकार उन्हें अपना गुरु मानते हैं



हम एक कलाकार होने के नाते उन्हें गुरू के रूप में मानते है, आदर्श मानते हैं लेकिन उनकी यादें, उनकी कृति, उनकी रचनाएं और उनके संगीत का जादू, जो श्रोताओं के सर चढ़कर बोलता था। मुझे भी उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

-कुंवर सिंह निषाद, कांग्रेस विधायक

### संस्कृति संरक्षण पर जोर देते थे पिता जी



पिताजी बहुत कड़क स्वभाव के थे, किसी की नहीं सुनते थे, कलाकारों को बहुत प्यार भी करते थे, और संगीत के माध्यम से ही संस्कृति को बचाकर चलना है, इसी विचार के साथ उन्होंने जी तोड़ मेहनत की है, इसी कारण आज उनका नाम है। खुमान साव मालगुजार व्यक्ति थे, उनको लोग टाइगर कहते थे।

-दीपेश साव, पुत्र

### खुमान धुनी थे, दसों ऊंगलियों से बजाते थे हारमोनियम



खुमान साव बड़े धुनी व्यक्ति थे, गुणी भी थे और धुन के बड़े पक्के भी थे। हर शनिवार, रविवार को बघेरा में प्रैक्टिस करते थे। खुमान साव कई बार दोनों हाथों की दसों उंगलियों का प्रयोग अपने हारमोनियम पर कर लिया करते थे वो भी धौंकनी को छोड़कर, उनमें संगीत की अद्भुत समझ थी।

-डॉ. सुरेश देशमुख, संस्कृतिकर्मी

### शानदार रहीं मस्तुरिया और खुमान सर की जुगलबंदी



वो दौर EP और LP का था, जो 3 मिनट और 6 मिनट का होता था तो उस समय 3 मिनट का समय बचा था। जिसके लिए उसी दिन लक्ष्मण मस्तुरिया जी ने एक गीत लिखा, जिसे उसी दिन खुमान सर ने संगीतबद्ध किया और मुझे उसी दिन उस गीत को गाने का सौभाग्य मिला। उस गीत ने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की और आज भी जनमानस के मन में छाया हुआ है, पता दे जा रे.... उस गीत ने मुझे बहुत प्रसिद्धि दिलाई।

-कविता वासनिक, लोकगायिका

### उनका संगीत 'खुमान संगीत' के नाम जाना जाए



एक बार रिहर्सल के दौरान लक्ष्मण मस्तुरिया ने कहा था कि खुमान तुम्हारा संगीत ऐसा है कि इसे खुमान संगीत का नाम दिया जाना चाहिए। जैसे बंगाल में रवींद्र संगीत चलता है, असम में भी इसका नाम होता है, वैसे ही यहां के संगीत का नाम भी होना चाहिए। उस समय ये बात आई-गई हो गई, लेकिन वो एक शब्द मेरे दिमाग रह गए। बाद में मैंने कुछ लेखों में अपनी बात कही कि ये संगीत खुमान संगीत के नाम से स्थापित होना चाहिए।

-अरूण निगम, साहित्यकार

## कलाकारों के लिए रहे आदर्श

चंदैनी गोंदा और खुमानलाल साव एक-दूसरे का पर्याय बनने लगे। जयंती यादव, कविता वासनिक, सुनील तिवारी जैसे लोकगीत और लोककला के साधकों के साथ अनेक कलाकारों के लिए खुमान साव आदर्श रहे हैं। चंदैनी गोंदा के माध्यम से खुमान साव ने यत्र तत्र बिखरे हुए बहुप्रचलित पारंपारिक लोक गीतों कर्मा, ददरिया, नचौरी, सुआ, गौरा, विवाह गीत, बसदेवा गीत, सोहर, भोजली, पंथी तथा देवी जसगीतों को उनकी मौलिकता बरकरार रखते हुए परिष्कृत और परिमार्जित किया और अपने कर्णप्रिय संगीत के द्वारा लोकप्रिय बना दिया। खुमान साव का मन बदले परिवेश में गीतों के स्तर, द्विअर्थी भावों और संगीत की मूलभूत लोक संरचना में आई विकृतियों से आहत हो जाता था। वे चाहते थे कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति की धरोहर सुरक्षित और संरक्षित रहे। 87 वर्ष की उम्र के बावजूद उनकी लगन, समर्पण, निष्ठा और छत्तीसगढ़ की माटी के प्रति मोह का वही स्वरूप बना रहा। उस उम्र में भी पूरी रात चंदैनी गोंदा के मंच पर हारमोनियम की रीड पर ऊंगलियां चलाते उन्हें देखना अद्भुत अनुभव होता था।



## अनुशासनप्रिय और गजब की सांगठनिक क्षमता रखते थे साव

साव में गजब की सांगठनिक क्षमता थी। उन्होंने अनेक कलाकारों को तराशा। बाद में कई कलाकारों ने धीरे धीरे अपनी अलग राह अपना ली लेकिन साव कभी भी विचलित नहीं हुए। नैसर्गिक कलाकारों को तलाश कर उन्हें तराशना, मंच, नाम, दाम और सम्मान देना तथा उनके सुख- दुख में सहभागी बनना उनकी विशेषता थी। उन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। अनुशासन के प्रबल पक्षधर साव जुबान से कड़े जरूर थे लेकिन उनका हृदय बच्चों की तरह कोमल था। उनकी डांट में अभिभावक की तरह समझाईश होती थी।

### मेरे गीत सुनकर वो टेबल पर ही थाप देने लगे



जब वे बीमार पड़े तो मैं उनसे मिलने पहुंचा, थोड़ी बातचीत के बाद उन्होंने उठकर बैठने की इच्छा जताई। जिसके बाद मैं पास रखा हारमोनियम बजाने लगा। खुमान साव ताल के भी बड़े जानकार थे, तो जब मैं एक गाना गुनगुनाने लगा " बाजा ल बजा दे रे भाई..." इस पर वे उठे और टेबल पर तबले की थाप देने लगे, ये हमारी आखरी मुलाकात थी।

-राकेश तिवारी, वरिष्ठ रंगकर्मी

### उन्होंने पारंपरिक संगीत को रिफाइन किया



छत्तीसगढ़ी संगीत की चर्चा खुमान साव जी के बिना बिलकुल अधूरी है, उनके बनाए गए सारे कंपोजिशन आज भी प्रासंगिक है। चंदैनी गोंदा में भी उनका योगदान अद्वितीय है, कई बड़े – बड़े गायकों ने इनके संगीत पर गाया है। उन्होंने पारंपरिक संगीत को रिफाइन किया, व्यावसायिक रूप में सामने लाया।

- अनुज शर्मा
बीजेपी विधायक

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com